दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा से एक साथ प्रकाशित

• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///

वर्ष : 11 | अंक : 283 | टोंक | शुक्रवार,28 जून, 2024 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष सप्तमी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹1.00 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## खुशियों की पेंशन: सीएम भजनलाल शर्मा ने 88.44 लाख लाभार्थियों के खाते में 1037 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए

बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं।** राजस्थान के झुंझुनू से सीएम भजनलाल शर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 88.44 लाख लाभार्थियों के खातों में 1037 करोड़ रुपए से अधिक की राशि ट्रांसफर की है। इस दौरान सीएम ने लाभार्थियों से बातचीत की और उन्हें मिल रही पेंशन के बारे में जानकारी ली। सीएम ने कार्यक्रम को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा- हमने पेंशन बढ़ाने का वादा किया था, यह वादा पूरा हुआ। खुशी है कि बढ़ी हुई राशि झुंझुनूं की धरती से गई है। इस राशि से जरूरतमंद अपनी बुनियादी आवश्यकता को पूरा कर सकेंगे। उन्हें आर्थिक रूप से संबल मिलेगा।

### हमारी सरकार जरूरतमंदों के साथ खड़ी है: सीएम भजनलाल शर्मा

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास' की भावना से हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों और उनके परिवारों को राज्य सरकार की सुविधाओं का लाभ मिले। उन्होंनें लोगों को भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी सरकार जन कल्याण के लिए कार्य जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने सिलेंडर 450 रुपए देने का वादा किया था, जो 1 जनवरी से 73 लाख बहनों को सिलेंडर दिए। सीएम ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि बढ़ाई है। आने वाले दिनों में यह राशि भी किसानों के खाते में आने वाली है।

### इन योजनाओं का संचालन कर रही राजस्थान सरकार

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना, लघु एवं सीमान्त वृद्धजन कृषक सम्मान पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्त पेंशन योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।



हवाई पट्टी पर किया सीएम का स्वागत-सीएम भजनलाल शर्मा का हवाई पट्टी पहुंचने पर पूर्व सांसद संतोष अहलावत, जिलाध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच आदि ने स्वागत किया। हवाई पट्टी से कार्यक्रम स्थल पहुंचने तक सीएम का कई जगह स्वागत किया गया। केशव आदर्श विद्या मंदिर के खेल मैदान में समारोह का आयोजन किया।

## तबादलों पर किरोड़ीलाल और दिलावर में टकराव

### कृषि मंत्री की मंजूरी से हुए इंजीनियरों के ट्रांसफर पर जॉइनिंग रोकी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** तबादलों को लेकर भजनलाल सरकार के दो मंत्रियों और विभागों के बीच टकराव शुरू हो गया है। कृषि विभाग ने पिछले दिनों इंजीनियरों के तबादले कर उन्हें जिला परिषदों और पंचायत समितियों में पोस्टिंग दी।

कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा की मंजूरी से किए गए तबादलों पर अब मदन दिलावर के पंचायती राज विभाग ने कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए रोक लगा दी है। इसे कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के बीच विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग ने कृषि विभाग के आदेशों से किए गए इंजीनियरों के तबादलों को मानने से ही इनकार कर दिया। पंचायती राज और ग्रामीण विकास विभाग ने सभी जिला परिषद सीईओ को लेटर लिखकर हाल ही में कृषि विभाग से जिला परिषदों और पंचायत समितियों में लगाए गए इंजीनियरों को जॉइन नहीं करवाने और उन्हें तत्काल मूल विभाग में भेजने के आदेश दिए हैं। आदेश नहीं मानने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। इस मुद्दे पर कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा और मदन दिलावर ने कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन इस पूरे प्रकरण से टकराव सामने आ गया है। किरोड़ीलाल मीणा के पास कृषि, उद्यानिकी, ग्रामीण विकास, आपदा राहत विभाग है। मदन दिलावर के पास स्कूल शिक्षा, पंचायती राज विभाग है। ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग अब तक एक ही मंत्री के पास रहते आए हैं। इस सरकार में इस विभाग को दो मंत्रियों में बांट दिया है।

### संसद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण

## नीयत और निष्ठा पर जनता ने जताया भरोसा : राष्ट्रपति मुर्मू

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** 18वीं लोकसभा के गठन के बाद संसद की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का यह पहला संबोधन है। राष्ट्रपति अभिभाषण के माध्यम से सरकार अपने कार्यक्रमों और नीतियों की रूपरेखा बताती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव की चर्चा पूरे देश में हो रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में नवनिर्वाचित सांसदों और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को बधाई दी।

### नीयत और निष्ठा पर जनता का भरोसा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि दुनिया ने देखा कि लोगों ने लगातार तीसरी बार स्थिर सरकार चुनी है। जनता ने तीसरी बार सरकार पर भरोसा जताया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार (27 जून, 2024) को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी, जिसमें वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकताओं सामने रख सकती हैं।

### देश की विकास दर 8 फीदसी बढ़ी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सभी सेक्टर को सरकार मजबूत करने में लगी है। पिछले दस सालों में ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर जोर दिया गया है। देश की विकास दर 8 फीदसी बढ़ी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि बीते दस साल में किए गए बदलाव के कारण ये सब संभव हुआ है। मेरी सरकार भारत को तीसरे



### जनता ने लगातार तीसरी बार स्थिर सरकार चुनी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव की चर्चा पूरे देश में हो रही है। दुनिया देख रही है कि लोगों ने लगातार तीसरी बार स्थिर सरकार चुनी है। लोगों ने तीसरी बार सरकार पर भरोसा जताया है।

### नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई दी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में नवनिर्वाचित सांसदों और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को बधाई दी।

### 'एयरलाइन 209 से बढ़कर 605 हुई

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सदन में कहा कि अप्रैल 2014 में सिर्फ 209 एयरलाइन थी, लेकिन इसकी संख्या बढ़कर 605 हो गई. मेरी सरकार ने गांव-गांव तक सड़क पहुंचाई.

### आने वाला दौर भारत का

राष्ट्रपति बोलीं- इस संकल्प की सिद्धि में अवरोध न हो ये हम सभी का दायित्व और कर्तव्य है। जब संसद सुचारू चलती है, स्वस्थ्य चर्चा होती है। लोगों का विश्वास पूरी व्यवस्था पर बढ़ता है। जब भारत विकसित राष्ट्र बनेगा तो इसमें आपकी भी सहभागिता होगी। आने वाला दौर भारत का है, सदी भारत की है, इसका असर हजार साल तक रहेगा।

### आपातकाल संविधान पर सीधा हमला था

राष्ट्रपति ने कहा- आने वाले कुछ महीने में भारत गणतंत्र के रूप में 75 साल पूरे करने जा रहा है। देश में संविधान लागू होने के बाद भी कई बार हमले हुए है। आज 27 जून है, 25 जून 1975 को लागू हुआ आपातकाल संविधान पर हमले का सीधा सबूत है।

## नीट पेपर लीक केस में सीबीआई की पहली गिरफ्तारी

### पटना से मनीष प्रकाश और आशुतोष अरेस्ट; दोनों ने प्ले स्कूल बुक कराया, यहीं सवाल रटाए




बढ़ता राजस्थान

**पटना/रांची।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने गुरुवार को 2 आरोपी मनीष प्रकाश और आशुतोष को पटना से गिरफ्तार किया। दोनों ने ही पटना के प्ले एंड लर्न स्कूल को रात भर के लिए बुक कराया था। इसी स्कूल में 20 से 25 कैंडिडेट्स को इकट्ठा करके आंसर रटवाया गया। यहीं जली बुकलेट के टुकड़े मिले थे।

केंद्रीय जांच एजेंसी पिछले दो दिन से 11 लोगों से पूछताछ कर रही है। सीबीआई ने बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से 26 जून को यह केस अपने हाथ में लिया था। अब तक 5 राज्यों में पुलिस ने 27 से ज्यादा गिरफ्तारियां की हैं।

### सीबीआई ने चिंटू और मुकेश को रिमांड पर लिया, प्रिंसिपल से 2 घंटे पूछताछ की

सीबीआई की टीम गुरुवार को दोपहर 1 बजे पटना की बेऊर जेल पहुंची। यहां आरोपी बलदेव कुमार उर्फ चिंटू और मुकेश कुमार का मेडिकल कराया और उन्हें 8 दिन की रिमांड पर लिया। बताया जा रहा है कि टीम दोनों को अलग-अलग लोकेशन पर ले जाकर पूछताछ करेगी। सीबीआई ने 26 जून को चिंटू और मुकेश को कोर्ट में पेश किया था। इसके बाद दोनों की 8 दिन की रिमांड मिली थी।

चिंटू नीट पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया का रिश्तेदार है। दावा है कि चिंटू के मोबाइल पर ही पेपर आया था, जबकि मुकेश गाड़ी से कैंडिडेट्स को उस स्कूल में ले गया था, जहां सवालों के जवाब रटवाए गए थे। सीबीआई की टीम झारखंड में हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक को एक बार फिर स्कूल लेकर गई। मड़ई रोड स्थित स्कूल में 2 घंटे पूछताछ के बाद टीम प्रिंसिपल को लेकर वापस चरही स्थित सीसीएल गेस्ट हाउस पहुंची।

## चंद्रयान-4 भी रचेगा इतिहास, चांद पर लैंडिंग से पहले ही होगा कमाल



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** चंद्रयान-3 को चांद के दक्षिणी ध्रूव पर उतारकर इसरो पहले ही इतिहास रच चुकी है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ऐसा करने वाली दुनिया की पहली संस्था भी है। चंद्रयान-3 की अपार सफलता के बाद अब इसरो ने पूरा फोकस चंद्रयान-4 पर कर लिया है। बुधवार को इसरो चीफ एस सोमनाथ ने बड़ा खुलासा किया। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-4 के हिस्से एक नहीं दो लॉन्चिंग में भेजे जाएंगे। इन हिस्सों को पहले कक्षा में भेजा जाएगा और फिर अंतरिक्ष में ही जोड़ा जाएगा। अगर ऐसा हो जाता है तो संभवत: यह दुनिया में पहली बार होगा और चांद पर पहुंचने से पहले ही इसरो इतिहास रच देगा। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-4 का मुख्य लक्ष्य चांद से नमूने लेकर आना है। आपको बता दें कि इसरो का मिशन चंद्रयान-4 बेहद जटिल और महत्वपूर्ण मिशन है। इस मिशन की सबसे खास बात यह है कि लैंडर इसरो तैयार कर रहा है और रोवर मॉड्यूल जापान बना रहा है। यह मिशन इसरो और जापान की जेएएक्सए द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। मिशन के साल 2026 तक चांद में भेजने की तैयारी है। इसरो पहले बता चुका है कि चंद्रयान-4 की लैंडिंग साइट शिव-शक्ति पॉइंट पर होगी। यह वही स्थान है, जहां चंद्रयान-3 की लैंडिंग हुई थी। ऐसा इसलिए क्योंकि चंद्रयान-3 ने लैंडिंग के बाद चांद पर कई महत्वपूर्ण स्थानों की खोज की थी। जिसकी नए मिशन में काफी मदद मिलने वाली है।






## बिरला से मिले राहुल, इमरजेंसी के जिक्र पर नाखुशी जताई

### वेणुगोपाल ने चिट्ठी लिखी- लोकसभा स्पीकर के ऐसे भाषण से संसदीय परंपरा का उपहास हुआ

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के संबोधन में इमरजेंसी के जिक्र पर विवाद हो रहा है। इसी मुद्दे पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार 27 जून को बिरला से मुलाकात की। राहुल ने उनसे आपातकाल का जिक्र करने पर नाखुशी जताई। राहुल ने ये भी कहा कि यह पूरी तरह से राजनीतिक मुद्दा है, इससे बचा जा सकता था। राहुल के साथ सपा के धर्मेंद्र यादव, डिंपल यादव, डीएमके की कनिमोझी, एनसीपी (शरद पवार) की सुप्रिया सुले, आरजेडी की मीसा भारती, टीएमसी के कल्याण बनर्जी और RSP के एनके प्रेमचंद्रन समेत अन्य सांसद बिरला से मिलने पहुंचे थे। इस बीच, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने भी बिरला को चिट्ठी लिखी। उन्होंने कहा कि संसद के इतिहास में अध्यक्ष का पद अभूतपूर्व है। एक नवनिर्वाचित स्पीकर के पहले कर्तव्यों में से एक के रूप में अध्यक्ष की ओर से यह (इमरजेंसी का जिक्र) आना और भी गंभीर हो जाता है। वेणुगोपाल ने ये भी लिखा कि मैं इसे संसद की संस्थागत विश्वसनीयता पर प्रभाव डालने वाले एक बहुत ही गंभीर मामले के संदर्भ में लिख रहा हूं। मैं, कांग्रेस की तरफ से संसदीय परंपराओं के इस उपहास पर अपनी गहरी चिंता जताता हूं।



## सम्पादकीय

# भारतीय राजनीति में राजस्थान का बढ़ता महत्व

राष्ट्रीय राजनीति में राजस्थान को जितना महत्व पिछले साठ सालों में नहीं मिला वह पिछले छह सालों में देखने को मिला है। इस बार तो राजस्थान से लोकसभा में भाजपा को बड़ा नुकसान हुआ है। यहां पर 11 सीटों पर पार्टी हारी है। पिछले लोकसभा चुनाव में वह 24 सीटों पर जीती थी। इसके बावजूद राजस्थान के नेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर टॉप लेवल पर रखा गया है। इससे उन चर्चाओं पर भी रोक लगी है जिसमें सीएम भजनलाल शर्मा को बदलने की बात कही जा रही थी। लोकसभा चुनाव के नतीजों के समय माना जा रहा था कि राजस्थान के बीजेपी नेताओं को इस बार मोदी 3.0 में कम तव्वजों मिलेगी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान को और अधिक महत्व दिया है। देश की टॉप लीडरशिप में राजस्थान के दो नेता शामिल हैं। साथ ही चार केंद्रीय मंत्री भी प्रदेश से बनाए गए। राजस्थान के दो नेता प्रोटोकॉल में टॉप 6 पोजीशन में शामिल हैं। इनमें भारत के उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ और दूसरी बार लोकसभा स्पीकर बने ओम बिरला शामिल हैं। 11 सीटें हारने के बाद भी राजस्थान से चार केंद्रीय मंत्री बनाए गए हैं। राजनीतिक जानकार इस समीकरण को लेकर अपने-अपने मायने निकाल रहें हैं। लोकसभा चुनाव 2014 और 2019 में राजस्थान ने बीजेपी को 25-25 लोकसभा सीटें जीतकर पीएम मोदी को बड़ी सौगात दी थी। इसके कारण पूरे देश में राजस्थान का दबदबा माना गया, लेकिन इस चुनाव में बीजेपी को कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के हाथों काफी नुकसान पहुंचा। मिशन 25 का अभियान लेकर चल रही भाजपा को राजस्थान से केवल 14 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। लोकसभा चुनाव में 11 सीटों पर मिली हार के बाद यह तय माना जा रहा था कि इस बार राजस्थान से केंद्रीय मंत्रिमंडल में संख्या कम हो सकती है।

बीजेपी को हुए नुकसान के बाद भी पीएम मोदी ने राजस्थान से चार केंद्रीय मंत्री बनाए। इनमें अर्जुन राम मेघवाल, गजेंद्र सिंह शेखावत, भूपेंद्र यादव को फिर से रिपीट किया गया। जबकि नए चेहरे के तौर पर भागीरथ चौधरी को राज्य मंत्री बनाया। दरअसल पीएम मोदी ने इस फैसले से राजस्थान में अपने बीजेपी के उन विरोधी नेताओं को संकेत देने का प्रयास किया है जिन्होंने लोकसभा चुनाव में बीजेपी को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। इसको लेकर कई नवनिर्वाचित सांसदों और हारे हुए उम्मीदवारों ने भी बीजेपी हाई कमान के पास यही बात पहुंचाई कि उन्हें अपनों ने ही हराने की मुहिम चलाई। इस पर पीएम मोदी ने भी राजस्थान से सीटें कम होने के बावजूद भी तवज्जो देकर यही बताया कि राजस्थान को लेकर उनका जो निर्णय है, वह बदलने वाला नहीं है, चाहे उसके लिए कैसी परिस्थितियों सामने आई। सियासी चर्चा है कि पीएम मोदी ने केंद्र की सियासत में राजस्थान को पहले जितना तवज्जो देकर यही संकेत देने की कोशिश है कि कोई कितना भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करे लेकिन वह झुकने वाले नहीं है। भले ही राजस्थान में बीजेपी की सीटें कम आई हो लेकिन आज भी देश में उतना ही दबदबा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पीएम मोदी शायद इस फैसले के माध्यम से संकेत दे रहे है कि राजस्थान में उन्होंने भजन लाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाया है तो उनका निर्णय बदलने वाला नहीं है।

# राहुल गांधी का कद भी बढ़ा एवं राजनीतिक कौशल भी

**देश को 10 साल बाद राहुल गांधी के रूप में विपक्ष का नेता मिला है, जो संसदीय राजनीति के लिए एक अच्छी खबर है। इससे लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी एवं जनता की आवाज को जोरदार तरीके से उठाने एवं सरकार की नीतियों-योजनाओं पर तीखी नजर रखने एवं प्रभावी सवाल उठाने की स्थितियों को बल मिलेगा। लेकिन विपक्ष की नुमाइंदगी का मतलब यह नहीं कि वह हर मामले में सत्ता पक्ष के खिलाफ हो, बल्कि यह है कि वह हमेशा जनता के साथ हो और उसकी ओर से मुद्दे उठाए। नेता प्रतिपक्ष पद से सरकार के साथ ही विपक्ष पर भी जवाबदेही का दबाव बढ़ता है। राहुल की सुविधाएं बढ़ने के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ गयी है। 16वीं और 17वीं लोकसभा में कांग्रेस या अन्य विपक्षी दलों के पास इस पद के लिए आवश्यक 10 प्रतिशत सदस्य नहीं थे।**

ललित गर्ग



राहुल गांधी लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता बन गये हैं, यह उनका पहला संवैधानिक पद है, इससे पहले वे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। इस बड़े पद के साथ उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ जायेंगी। दस वर्षों बाद लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता का पद मिला है। वैसे इस बार के चुनाव एवं चुनाव में मिली शानदार जीत के बाद राहुल गांधी का न केवल आत्मविश्वास बढ़ा है, बल्कि उनमें राजनीतिक कौशल एवं परिपक्वता भी देखने को मिल रही है, इससे यह प्रतीत होता है कि वे प्रतिपक्ष नेता के पद के साथ न्याय करते हुए अपनी राजनीति को चमकायेंगे एवं रसातल में जा चुकी कांग्रेस को सुदृढ़ करेंगे। वैसे देखा गया है कि प्रतिपक्ष के नेता बनने वाले अधिकांश लोग प्रधानमंत्री तक पहुंचे हैं। लेकिन राहुल गांधी को इसके लिये अभी लम्बा संघर्ष करना होगा, परिपक्व राजनीति एवं देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी को साबित करना होगा। निश्चित ही राहुल गांधी का कद बढ़ा है और अब वे स्वल्प समय में ही कद्दावर नेता की तरह राजनीति करने लगे हैं। राहुल को देशभर में निकाली यात्राओं एवं चुनाव प्रचार में निभाई सशक्त भूमिका ने मजबूती दी है। राहुल की राजनीति को चमकाने में कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 'भारत जोड़ो यात्रा' के अलावा मणिपुर से मुंबई तक की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अब प्रतिनेता के रूप में उनकी एक नई यात्रा शुरु हो रही है जो उन्हें नई राजनीतिक ऊंचाई दे सकती है।

कांग्रेस ने इस बार लोकसभा चुनाव में 99 सीट जीतकर इस पद को हासिल किया है। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर राहुल गांधी केंद्रीय सतर्कता आयोग, केंद्रीय सूचना आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार से जुड़े चयन के अलावा लोकपाल, मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) निदेशक जैसी प्रमुख नियुक्तियों पर महत्वपूर्ण पैनल के सदस्य भी होंगे। प्रधानमंत्री इन पैनल के प्रमुख होते हैं। नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी को लोकसभा में पहली पंक्ति में सीट मिलेगी। यह सीट डिप्टी स्पीकर की सीट के बगल वाली होगी। इसके अलावा संसद भवन में सचिवीय तथा अन्य सुविधाओं से युक्त एक कमरा भी मिलेगा। विपक्ष के नेता को औपचारिक अवसरों पर कुछ विशेषाधिकार भी प्राप्त होते हैं। एक केन्द्रीय मंत्री को मिलने वाली सभी सुविधाएं राहुल गांधी को मिलेगी।

राहुल गांधी इस बार उत्तर प्रदेश के रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। इससे पहले वह लोकसभा में केरल के वायनाड और उत्तर प्रदेश के अमेठी का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह पांचवीं बार लोकसभा पहुंचे हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव ने कांग्रेस पार्टी को पुनर्जीवन दिया है। इस बार के चुनाव परिणाम ने कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल को मनोवैज्ञानिक लाभ पहुंचाया है, जो उनके लिए एक बड़ी उपलब्धि बनी है। इससे कांग्रेस ने अपना आत्मविश्वास फिर से पा लिया है, जो कोई छोटी बात नहीं। और यह राहुल और प्रियंका गांधी की गतिविधियों में साफ झलकता है। साथ ही, अब इस बात को लेकर भी कांग्रेस में कोई दुविधा नहीं रह गई है कि गांधी परिवार ही सर्वोच्च है और पार्टी पर उसका पूरा नियंत्रण होगा। इसका यह भी मतलब है कि टीम-राहुल का सभी मामलों में फैसला अंतिम होगा।


पार्टी अध्यक्ष पद छोड़ने के बाद से राहुल के पास कांग्रेस की कोई जिम्मेदारी नहीं थी। सदन के भीतर पहली बार वह कोई पद संभालने जा रहे हैं। ऐसे में राहुल के सामने चुनौती होगी कि वह किस तरह पूरे विपक्ष को साथ लेकर चलते हुए रचनात्मक विरोध की भूमिका को आकार देते हैं। कांग्रेस का सबसे बड़ा काम दलित और पिछड़े मतदाताओं ने यूपी में जो उनकी मदद की है, उनका विश्वास बनाए रखने का है। यह बड़ी सचाई है कि आज भी देश के महत्त्व के राज्यों में भाजपा को क्षेत्रीय दल शिकस्त दे रहे हैं। अगर क्षेत्रीय दलों के साथ कांग्रेस का गठजोड़ बना रहे, तो ही भाजपा पर दबाव आएगा। बड़ा सच यह भी है कि न भाजपा बदली है ना उसकी विचारधारा। भाजपा एवं नरेन्द्र मोदी को भले ही चुनावों में पूर्ण बहुमत न मिला हो, लेकिन वह ही आज ताकतवर है। यह भी समझना होगा कि भाजपा विपक्ष की ताकत से नहीं, बल्कि सरकार की बड़ी गलतियों एवं पार्टी के अति उत्साह से नुकसान में पहुंची है।

यह भी एक तथ्य है कि मुस्लिमों के सक्रिय-समर्थन के बिना कांग्रेस को कामयाबी नहीं मिल सकती थी। निश्चित ही मुसलमानों के वोट की अहमियत कुछ-कुछ सीटों पर हार-जीत का फैसला कर गई है। भाजपा अपनी आगे की रणनीति इसी आधार पर बनाएगी और वो पिछले चुनावों के जैसी ही होगी। मतलब कि भाजपा कोई नई भाषा नहीं बोलने वाली है। वह आरोप लगाती रहेगी कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों का तुष्टीकरण करती है। कांग्रेस के सामने चुनौती होगी कि वो इस आरोप को अपने पर आने न दे, ताकि भाजपा हिंदुओं के हितों की एकमात्र रक्षक है, ऐसा दावा ना कर सके। कांग्रेस को इस हिंदू-मुस्लिम राजनीतिक बवंडर से बचने के लिये अपनी रणनीति को बनाना होगा। बिना हिन्दू वोट के कांग्रेस सफल राजनीतिक पारी नहीं खेल सकती है। इसके साथ ही कांग्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सफलता और निष्फलता का सही आकलन कर लेना जरूरी है। जनता के समक्ष अपना आत्मविश्वास बढ़ाए रखना अच्छी बात है, लेकिन मोदी आज जिस जमीन पर खड़े हैं, जनता के बीच उनकी जो स्वीकार्यता है उसका सही आकलन करना कांग्रेस की आगे की रणनीति के लिए बेहद जरूरी होगा।

राहुल गांधी सदन में विपक्ष की मजबूत आवाज बनकर उभरेंगे, इसमें सन्देह नहीं है। पक्ष एवं विपक्ष के बीच एक संतुलन बनना लोकतंत्र की खूबसूरती है एव अपेक्षा भी है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में विपक्ष के नेता की प्रमुख भूमिकाओं में से एक सरकार की नीतियों पर 'प्रभावी' सवाल उठाना है।

विपक्ष के नेता की भूमिका वास्तव में बहुत चुनौतीपूर्ण होती है क्योंकि उसे सरकार की विधायिका और जनता के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करनी होती है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में उन्हें सरकारी प्रस्तावों-नीतियों के विकल्प प्रस्तुत करने होते हैं। निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष अलग एवं ऊंचे स्तर पर अपने तेवर दिखा सकता है। सरकार के लिए कोई भी बिल पास कराना अब इतना आसान नहीं होगा। मोदी की स्थिर सरकार देने की जद्दोजहद के बीच मोदी और राहुल के बीच की टकराव की संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता है, लेकिन बावजूद इसके सदन में सकारात्मक वातावरण बना रहना भी जरूरी है। स्थिर सरकार देश की बड़ी जरूरत है, राजनेताओं से उम्मीद की जाती है कि एक बार जनादेश आने के बाद वे चुनावी दौर की कड़वाहट एवं आरोप-प्रत्यारोप की छिछालेदार राजनीति को भुलाते हुए जनता के हित में मिलकर काम करें। इस बार भी चुनाव में अपनी-अपनी पार्टियों के प्रचार की अगुआई करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी ने एक-दूसरे पर खूब हमले बोले हैं। अब उन बातों को पीछे छोड़ते हुए उन्हें बेहतर तालमेल वाले कामकाजी रिश्ते कायम करते हुए देशहित को सामने रखना होगा। राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठना होगा।

## शख्सियत



मनोज चौधरी
( वरिष्ठ आईपीएस )

नमस्कार आज के शख्सियत कॉलम के हमारे हीरो हैं सन 1969 में जन्में भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी राजस्थान पुलिस की शान डीआईजी मनोज चौधरी जी। 15 जनवरी 1996 को आरपीएस बने। वर्दी पहनी ट्रेनिंग ली और एक जोश व जज्बे के साथ राजस्थान के बड़े जिलों में डिप्टी एसपी शिप की और ये जहां जहां भी डिप्टी एसपी रहे वहां की जनता इन्हें आज भी याद करती है, क्योंकि वर्दी का खौफ अपराधियों के लिए क्या होता है ये उस एरिये के लोग बखूबी जानते होंगे।

मनोज चौधरी बहुत जांबाज पुलिस अधिकारियों में गिने जाते हैं। ये गंगापुर सिटी डीएसपी रहे,अलवर सिटी डीएसपी रहे,किशनगढ़ बास डीएसपी रहे, अजमेर नॉर्थ डीएसपी रहे,जयपुर ग्रामीण डीएसपी रहे और जयपुर में ही ग्रामीण बिलाडी डीएसपी रहे। इसके बाद इनका प्रमोशन एडिशनल एसपी पद पर हुआ जहां चित्तौड़गढ़ एडिशनल एसपी,गंगानगर एडिशनल एसपी और भिवाड़ी एडिशनल एसपी बतौर इन्होंने पद को सुशोभित किया। यहीं से प्रमोट हुए और आईपीएस बन गए जहां पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अजमेर। पुलिस अधीक्षक, राजसमंद। पुलिस अधीक्षक, चित्तौड़गढ़ । कमांडेंट, 5वीं बटालियन, आरएसी। जयपुर पुलिस उपायुक्त,जयपुर शहर उत्तर, पुलिस आयुक्तालय, जयपुर उप पुलिस आयुक्त, मुख्यालय, पुलिस आयुक्तालय, जयपुर पुलिस उपायुक्त, जयपुर शहर दक्षिण पुलिस आयुक्तालय, जयपुर। पुलिस अधीक्षक, सीआईडी सीबी जयपुर।

पुलिस अधीक्षक, उदयपुर। कमांडेंट, द्वितीय बटालियन, आरएसी, कोटा। पुलिस अधीक्षक, धौलपुर जहां इनका प्रमोशन हुआ ।डीआईजी के पद पर अभी फिलहाल उप पुलिस महानिरीक्षक, नागरिक अधिकार, पीएचक्यू जयपुर में पद की शोभा बढ़ा रहे हैं। बदमाशों में पुलिस का खौफ क्या होता है जरा उन बदमाशों से पूछना जो मनोज चौधरी की गिरफ्त में आए हैं। अपराधियों में खौफ और आमजन में विश्वास के स्लोगन को बखूबी निभाया है मनोज सर ने।पुलिस का मजबूत इकबाल इन्हे विरासत में मिला है। दरअसल इनके पिता मामराज सिंह भी पुलिस में थे वे राजस्थान पुलिस एकेडमी में एडिशनल एसपी पर से सेवानिवृत हुए हैं। मनोज सर को मैं व्यक्तिगत बखूबी जानता हूं ग्रेट पुलिस ऑफिसर के रूप में उन्होंने काम किया। दस हजार लोगों की भीड़ में अकेले चले जाते थे कभी माथे पर चिंता के निशान मैंने नहीं देखे। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिन्द**


## आज का इतिहास

### 28 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- एम्सटरडेम में 1748 को दो लोगों को सार्वजनिक रूप से फांसी दिये जाने के विरोध में भडके दंगो में 200 से अधिक लोग मारे गए।
- टमाटर को बिना जहर वाली सब्जी 1820 में साबित किया गया।
- ब्रिटेन की महारानी क्वीन विक्टोरिया की ताजपोशी 1838 में लंदन के वेस्टमिंस्टर एब्बे में की गयी।
- एंटोइन जोसेफ सैक्स ने 1846 में सैक्सोफोन का पेटेंट कराया।
- वर्साय शांति संधि पर 1919 में दस्तखत के साथ प्रथम विश्वयुद्ध खत्म हो गया।
- आयरिश नागरिक युद्ध 1922 में शुरू हुआ।
- इंग्लैंड ने 1932 में लॉडर्स में तीन दिन के टेस्ट मैच में भारत को 158 रन हराकर एक टेस्ट की सीरीज जीती थी। इसमें दोनों टीमों के कई खिलाड़ियों ने पदार्पण किया था।
- जर्मनी और रोमानिया के सैनिकों ने 1941 में रूसी साम्राज्य के बेस्सारेबिया प्रांत की राजधानी किशिनेव में 11 हजार यहूदियों को हत्या कर दी।
- जर्मनी की सेना ने 1941 में पोलैंड के गैलिसिया पर कब्जा जमाया।
- दक्षिण अफ्रीका नेता नेल्सन मंडेला को 1952 में पहली बार जेल में डाला गया।
- पोलैंड के पोज़्नेन में 1956 को दंगे भड़कने से 38 लोग मारे गये।
- वेल्स के मोनमाउथशर की एक कोयला खदान में 1960 को गैस से हुए धमाके में 37 खनिकों की मौत हो गई।
- पहली कमर्शियल सैटेलाइट अर्ली बर्ड ने 1965 में कम्यूनिकेशन सर्विस शुरू की।
- अमेरिका के एयरफोर्स एकेडमी में 1976 को पहली महिला का प्रवेश हुआ।
- ईरान में 1981 को एक हमले में 74 सरकारी अधिकारियों की मौत हो गयी।
- चीन ने 1981 में कैलाश और मानसरोवर के लिये सड़क मार्ग खोला।
- रूमानिया ने 1999 में अपनी वायु सेना में रूसी विमानों की उड़ान पर रोक लगाई।
- इस्रायल-फ़िलिस्तीन 2003 में पश्चिम एशिया में खून-ख़राबा रोकने के लिए क़दम उठाने पर सहमत।
- इराक की राजधानी बग़दाद में एक छोटे से समारोह में अमेरीका ने 2004 में इराक के शासन की बागडोर दोबारा इराकी लोगों को सौंप दी।
- तुर्की के इस्तांबुल में उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का 17वां शिखर सम्मेलन 2004 में शुरु हुआ।
- अमेरिकी गठबंधन की सेना ने 2004 में ईराक की अंतरिम सरकार को संप्रभुता सौंपी।
- रूस द्वारा ईरान के लिए छह परमाणु रिएक्टर बनाने की घोषणा 2005 में की।
- आईफोन के नाम से जाना जाने वाला ऐपल का पहला स्मार्टफोन 2007 को बाजार में आया।

## विशेष आलेख

# क्या भारत में व्यस्कों की आधी आबादी शारीरिक रूप से अनफिट हैं?



रामस्वरूप रावतसरे

योगा और एक्सरसाइज करने से तन और मन दोनों ही जवां रहते हैं। यही वजह है कि हर उम्र के लोगों को वर्जिश करने की सलाह दी जाती है। लेकिन इस बीच एक ऐसी रिपोर्ट सामने आई है, जिसने भारतीयों की टेंशन बढ़ा दी है। योगा और एक्सरसाइज से शरीर चुस्त, दुरुस्त और तंदुरुस्त रहता है। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में तन और मन दोनों को दुरुस्त रखने के लिए एक्सरसाइज बहुत जरूरी है।शारीरिक गतिविधियों की अहमियत बताने के लिए देश के प्रधानमंत्री ने साल 2019 में फिट इंडिया कैंपेन भी लॉन्च किया था। इसके बावजूद भी साल 2022 में भारत में 50 प्रतिशत वयस्क फिजिकली एक्टिव नहीं थे, ये दावा लैंसेट की हाल ही में आई एक स्टडी में किया गया है। 50 प्रतिशत के करीब भारतीय वयस्क शारीरिक रूप से अनफिट हैं और डब्ल्युएचओ के दिशानिर्देशों को पूरा नहीं करते हैं

साल 2000 से 2022 के बीच 197 देशों और यूटीएस के लोगों पर स्टडी की गई थी. जिसमें पाया गया कि साल 2022 में 52.6 प्रतिशत महिलाएं और 38.4 प्रतिशत पुरुष शारीरिक रूप से एक्टिव नहीं थे। लैंसेट ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित नए आंकड़ों के अनुसार, 42 प्रतिशत पुरुष की तुलना में 57 प्रतिशत ज्यादा महिलाएं शारीरिक रूप से इनएक्टिव हैं। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि भारतीय वयस्कों में फिजिकली इनएक्टिव होना साल 2000 में 22.3 प्रतिशत से तेजी से बढ़कर 2022 में 49.4 प्रतिशत पहुंच गया। इसका मतलब यह है कि हमारी आबादी का 60 प्रतिशत हिस्सा 2030 तक शारीरिक रूप से निष्करिय हो जाएगा। सही तरीके से शारीरिक गतिविधि नहीं होने की वजह से उसमें बीमारी का खतरा भी बढ़ेगा।डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, अगर कोई भी वयस्क हफ्ते में 150 मिनट से कम और किसी किशोर की शारीरिक गतिविधि 60 मिनट से कम है तो उसकी शारीरिक गतिविधि को अपर्याप्त माना जाएगा। ऐसे लोगों को योगा और एक्सरसाइज पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत हैं। डब्ल्यूएचओ की सिफारिश के मुताबिक, सभी वयस्कों के लिए हफ्ते में कम से कम 150 से 300 मिनट की मीडियम एरोबिक एक्टिविटी जरूरी है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि शारीरिक निष्क्रियता वाले वयस्कों में दिल की बीमारियों जैसे दिल का दौरा, स्ट्रोक, टाइप 2 शुगर, मनोभ्रंश और ब्रेस्ट और कोलन कैंसर का खतरा ज्यादा रहता है।

अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि के मामले में भारत 195 देशों में 12वें पायदान पर है। दुनिया भर में, करीब एक तिहाई (31 प्रतिशत) वयस्क यानी कि करीब 1.8 बिलियन लोगों ने 2022 में शारीरिक गतिविधि के रिकमेंडेड स्तर को पूरा नहीं किया। डब्ल्यूएचओ में डायरेक्टर ऑफ हेल्थ प्रमोशन डॉ. रुडिगर क्रेच का कहना है कि इसका कारण, काम के पैटर्न में बदलाव, पर्यावरण में बदलाव, सुविधाजनक परिवहन मोड और ख़ाली समय की गतिविधियों में बदलाव शामिल है। सबसे ज्यादा शारीरिक निष्क्रियता एशिया-प्रशांत क्षेत्र (48 प्रतिशत) और दक्षिण एशिया (45 प्रतिशत) सामने आई है। अन्य क्षेत्रों में निष्क्रियता का स्तर पश्चिमी देशों में 28 प्रतिशत से लेकर 14 प्रतिशत तक है।

स्टडी के मुताबिक, दुनियाभर के 26.4 प्रतिशत वयस्क ही साल 2010 में शारीरिक रूप से इनएक्टिव थे। साल 2010 से 2022 जैसे ही हालात रहे तो शारीरिक गतिविधियों में 15 प्रतिषत सुधार लाने का वैश्विक लक्ष्य हासिल करना बहुत ही मुश्किल है। रिसर्च में पाया गया है कि साल 2000 में 22 प्रतिशत से ज्यादा एडल्ट शारीरिक गतिविधियों में शामिल नहीं थे।

जबकि 2010 तक यह आंकड़ा 34 प्रतिषत तक पहुंच गया। रिसर्चर्स का अनुमान है कि अगर ऐसे ही हालात बने रहे तो वो दिन दूर नहीं जब साल 2030 तक करीब 60 प्रतिशत एडल्ट फिजिकली अनफिट हो जाएंगे। रिसर्च में ये भी सामने आया है कि 60 साल की उम्र के महिलाएं और पुरुष शारीरिक गतिविधियों में कम एक्टिव हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारस्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। पेट दर्द से परेशानी हो सकती है। आज आप किसी भी कार्य को दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ करेंगे। उसमें सफलता भी प्राप्त भी करेंगे। पिता की ओर से आपको लाभ हो सकता है।

### वृष
मानसिक रूप से स्वस्थता का अनुभव नहीं करेंगे। निराशा और असंतोष की भावना से काम में मन नहीं लगेगा। कुंटुंबजनों के साथ किसी विषय पर वाद-विवाद हो सकता है। विद्यार्थियों को अभ्यास का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेगा।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए अच्छा होगा। व्यापार स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। उच्च अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। आप का हर काम आज सफलता से पूरा होगा। नौकरी में पदोन्नति भी हो सकती है।

### कर्क
रोमांस के लिए आज अनुकूल दिन है। आज का हर कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूरा करेंगे। प्रवास-पर्यटन की संभावनाएं है। अच्छा भोजन और नए वस्त्र मिलने का अवसर मिल सकता है। भागीदारी से लाभ होगा। गलत कामों से दूरी बनाए रखें।

### सिंह
आज आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। शारीरिक रूप से आलस्य और अशक्ति का अनुभव करेंगे। मन में चिंता रह सकती है। व्यापार में बाधाएं उपस्थित होंगी। किसी भी योजना को सावधानीपूर्वक करें। वाहन सुख मिलेगा।

### कन्या
आज अचानक धन खर्च होने का योग है। यह खर्च स्वास्थ्य के कारण भी हो सकता है। व्यावहारिक या सामाजिक काम के लिए बाहर जाना हो सकता है। खान-पान में ध्यान रखें। क्रोध तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

### तुला
अधिकारियों से काम का उचित फल भी मिल सकता है। भाई-बंधुओं के साथ कोई झगड़ा दूर होगा। विचार लगातार परिवर्तन होते रहेंगे। आर्थिक विषय में सावधानी बरतनी आवश्यक है। नेगेटिव विचारों से मन परेशान रह सकता है।

### वृश्चिक
विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा। सरकारी कामों में आर्थिक लाभ आपको मिल सकता है। संतान के लिए पूंजी निवेश करेंगे। नई योजना का आरंभ करने के लिए आज अनुकूल दिन है। सरकारी काम में लाभ होगा।

### धनु
आज इगो के कारण किसी से बातचीत में मनमुटाव हो सकता है। मित्रों के साथ किसी बात विवाद हो सकता है। स्वभाव में आवेश और क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी। धार्मिक कामों में धन का खर्च हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### मकर
आपको उग्र स्वभाव पर संयम रखने की सलाह दी जाती है। आज आप मानसिकरूप से थकान का अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम की तुलना में कम फल की प्राप्ति होगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है।

### कुंभ
आप में आज आत्मविश्वास कूट-कूटकर भरा रहेगा। किसी भी काम को करने के लिए आप जल्दबाज़ी में निर्णय ले सकते हैं। पिता तथा बड़ों की ओर से लाभ होगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है। वाणी में उग्रता ना रखें।

### मीन
आपका आज का दिन शुभफलदायी है। कई क्षेत्रों से आपको लाभ होगा। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे धन खर्च भी हो सकता है। पर्यटन स्थल की सैर आपको रोमांचित करेगी। परिजनों से मुलाकात आनंददायी हो सकती है। प्रवास-पर्यटन की संभावनाएं है।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों से मुख्यमंत्री का संवाद

# टोंक जिले के 2.11 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में 24.77 करोड़ हस्तांतरित

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को झुंझुनू से आयोजित राज्य स्तरीय सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को अभिवृद्धित राशि के सीधे हस्तांतरण कार्यक्रम में एक बटन से पूरे प्रदेश के 88 लाख लाभार्थियों के खातों में 1 हजार 37 करोड़ की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की। इसमें टोंक जिले के 2 लाख 11 हजार लाभार्थियों को 24 करोड़ 77 लाख रूपये से अधिक की सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई।

समारोह में लाभार्थियों के साथ मुख्यमंत्री ने सीधे संवाद किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 15 प्रतिशत राशि बढ़ाने का फैसला लिया था। पहले यह राशि एक हजार रुपये थी अब बढ़कर 1150 हो गई है। कृषि ऑडिटोरियम में जिला प्रमुख सरोज बंसल, निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा, जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा, पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, सीईओ प्रतिष्ठा पिलानिया, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक धर्मराज प्रतिहार, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक नवल खान समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम से टोंक के कृषि ऑडिटोरियम से करीब 600 से अधिक लाभार्थी सीधे जुड़े रहे। जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालय एवं ग्राम पंचायत स्तर भी लाभार्थी कार्यक्रम से जुड़े।

**लाभार्थी दंपत्ती ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद :** कार्यक्रम में टोंक शहर के कुम्हारों की चौकी निवासी दिव्यांग दंपत्ती, राजेंद्र एवं मंजू देवी ने विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन की राशि एक हजार से बढ़ाकर 1150 रुपये करने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। दंपत्ती ने कहा कि वे दोनों दिव्यांग है और इस पेंशन योजना से ही उनके घर का खर्चा चल रहा है। बढ़ी हुई राशि से उनका जीवन सुगम हो सकेगा। वे राज्य सरकार के पेंशन राशि बढ़ाने के फैसले से काफी खुश दिखे।

## जनप्रतिनिधियों ने स्कूटी का किया वितरण

कार्यक्रम के पश्चात निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा, जिला प्रमुख सरोज बंसल एवं जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने 50 दिव्यांगों को स्कूटी की चाबी सौंपी। साथ ही, माला पहनाकर उनका सम्मान किया। दिव्यांगों को स्कूटी मिलने पर उनकी चेहरे पर खुशी झलकने लगी। उन्होंने कहा कि स्कूटी मिलने से उनके रोजमर्रा के काम आसानी से हो सकेंगे। इसके लिए दिव्यांगों ने मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा का आभार व्यक्त किया।

## सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित करना हमारी सरकार की प्रमुख प्राथमिकता : जलदाय मंत्री चौधरी



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** प्रदेश के जलदाय मंत्री और नागोर के जिला प्रभारी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा है कि सबका साथ सबका विश्वास और सबका विकास की तर्ज पर प्रदेश सरकार काम कर रही है।

जलदाय मंत्री चौधरी गुरूवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रदेश के झूंझनू जिला मुख्यालय पर प्रदेश के सामाजिक सुरक्षा योजना के पेंशनधारको को 88.35 लाख रूपये का लाभ सीधा लाभार्थियों के खातो में हस्तारण करने के प्रदेश स्तरीय समारोह में वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के बाद समारोह को वीसी के जरिए सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार 1 अप्रेल 2024 से प्रदेश के सभी सामाजिक सुरक्षा योजना के पेंशन धारको को की राशि में बढ़ोतरी कर यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किए गए वादे को पूरा करते हुए योजना की बढ़ी हुई राशि सामाजिक सुरक्षा योजना के खातो में हस्तान्तरित कर दी है। प्रदेश के सामाजिक सुरक्षा योजना के पेंशन धारको को अब एक हजार रूपये के स्थान अब एक हजार एक सो पचास रूपये प्रतिमाह मिला करेगा। इस बढ़ी हुई राशि मिलने के बाद प्रदेश के वृद्धजनो का मान सम्मान बढ़ेगा और वृद्धजनो को अपने स्वयं के आवश्यक कार्यो के लिए किसी के आगें हाथ फैलाने की जरूरत महसूस नहीं होगी। उन्होंने कहा कि गुरूवार का दिन प्रदेश के सभी सामाजिक सुरक्षा योजना के पेंशन धारक आत्मनिर्भरता एवं समृद्धि दिवस के रूप में याद करेगें। साथ ही आज दिन वृद्धजनो के आत्मसम्मान व आत्मनिर्भरता की दृष्टि से महत्वपूर्ण दिन होगा। प्रदेश सरकार द्वारा जो भी वादे किए वे हर हाल में पूरे कर प्रदेश के आम जन की अपेक्षाओं व भावनाओ पर पूरी तरह खरा उतरेगी। जलदाय मंत्री चौधरी ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में समूचा देश निरन्तर विकास के पथ पर अग्रसर है वहीं राजस्थान प्रदेश भी यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विकास की ओर लगातार अग्रसर है।

## भाजपा ने जो वादे किए हैं भजनलाल सरकार उसे पूरा करने का काम कर रही है : गौतमकुमार दक



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राजस्थान सरकार के मंत्री गौतम कुमार दक का निवाई पहुंचने पर विधायक रामसहाय वर्मा के नेतृत्व में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। मंत्री दक ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही लगातार जनता से जो वादे किए हैं उसे पूरा करने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में लगातार प्रदेश में कई योजनाओं को लागू हुई है। जिससे प्रदेश की जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी का सिपाही है। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता, पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि जनहित की सेवा करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की कथनी व करनी में कोई अंतर नहीं है। जो वादे जनता के हित के लिए किए थे उसे लगातार पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार देश में नए आयाम स्थापित हो रहे है। इस दौरान विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में प्रदेश में विकास के कई आयाम स्थापित हो रहे हैं। प्रदेश में कई योजनाओं से जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर भाजपा की वरिष्ठ नेता रामप्रसाद शर्मा, पार्षद नितिन छाबड़ा, राजेंद्र गुर्जर, चिरंजीलाल झापड़ी, सियाराम शर्मा, रामदेव गुर्जर व सत्यनारायण तिवारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बरसात से खेतो में लौटी रौनक, कृषि औजारों की बिक्री बढ़ी

बढ़ता राजस्थान



**नटवाड़ा (नि.स.)।** कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण अंचल में अच्छी बरसात होने से किसानों के चेहरों पर रंगत लौट आई है। बुधवार शाम को हुई अच्छी बारिश किसानों के लिए काफी फायदेमंद रही। पिछले दिनों बुआई के बाद लगातार बारिश का इंतजार कर रहे किसानों की हसरत पूरी हो गई। बरसात के बाद जहां खेतों में रौनक नजर आने लगी है वहीं बाजार में भी कृषि औजारों की बिक्री बढ़ गई है। कस्बे सहित आसपास के गांवों में अच्छी बरसात के बाद रौनक लौट आई है। बुधवार शाम हुई झमाझम बारिश के बाद अधिकतर खेतों में उम्मीदों के डोरे चलने लगे है। मानसून के आगमन के साथ ही अच्छे जमाने की उम्मीद लगाए किसान खेत-खलिहानों में व्यस्त हो गए है। किसान सुबह से ही परिवार के साथ पहुंचकर खेतों की सफाई कर रहे है। विरान रहने वाले खेतों में अब किसानों की चहल-पहल शुरू हो गई है। खेतों में कंटीली झांडियां व कचरे को साफ कर रहे है। इसके अलावा माट को भी दुरुस्त कर रहे है। किसानों को इस बार अच्छे जमाने की उम्मीद है। हालांकि अधिकतर किसानों ने पूर्व में हुई बारिश के बाद जुताई कर रखी है। लेकिन कई किसान अब खेत तैयार करने लगे है। खाद-बीज की दुकानों पर भीड़ नजर आ रही है। कई किसानों के घरों में महिलाएं बिजाई के लिए रखे बीज को साफ करने में व्यस्त है। जानकारी के अनुसार कस्बे सहित आस-पास के इलाकों में अच्छी बारिश हुई है। हालांकि बारिश का दौर रुक-रुक कर जारी है। कस्बे में सुबह से ही बादल छाये हुए थे। शाम करीब 5 बजे बरसात का दौर प्रारम्भ हो गया। जो रूक-रूककर देर रात तक जारी रहा। अच्छी बरसात से कस्बे में चारों तरफ पानी ही पानी हो गया। बरसात के बाद खेतों में बाजरे, ज्वार, तिल, मूंगफली आदि की बुवाई प्रारम्भ हो गई है। बरसात के बाद व्यापारियों व खेतीहर श्रमिकों के चेहरों पर भी रौनक नजर आने लगी है।

## कांस्टेबल धारासिंह मीणा की पैतृक गांव में राजकीय सम्मान से की अंत्येष्टि



बढ़ता राजस्थान

**पीपलू (नि.स.)।** उपखंड क्षेत्र के बोरखण्डीकला पंचायत के गांव हमजापुरा का डिग्गी थाने मे तैनात कांस्टेबल धारासिंह मीणा की बीती रात ड्युटी के दौरान चांदसेन के पास सडक़ दुर्घटना में मृत्यु हो गई। गुरुवार सवेरे पीपलू तहसील के बोरखंडी पंचायत के गांव हमजापुरा में मृतक कांस्टेबल धारासिंह मीणा को पुष्प चक्र अर्पित करके सलामी देकर राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। मालपुरा डिप्टी राजेशकुमार, डिग्गी थाना अधिकारी कप्तान सिंह, पीपलू पुलिस उपाधीक्षक देशराज कुलदीप व झिराना थाना अधिकारी राजेशकुमार गुर्जर ने पुष्प चक्कर चढ़ाकर नमन आंखों से सलामी दी। गुरुवार को सुबह कांस्टेबल का शव गांव में पहुंचते ही चारों तरफ सन्नाटा छा गया।

बोरखंडी सरपंच रामलाल मीणा ने बताया कि मृतक धारासिंह मीणा पुत्र गुलाराम मीणा उम्र 36 वर्ष है। मृतक के दो बच्चे हैं। एक बच्चा 4 साल का है। दूसरा चार माह का है। मृतक के माता-पिता कुछ दिनों पहले ही स्वर्गवास हो चुका है। मृतक तीन भाई है। जिनमें से एक बड़े भाई का कुछ दिनों पहले एक्सीडेंट में निधन हो गया था। मृतक के घर में अभी तक चूल्हे नहीं जले हैं।

## महाअधिवक्ता शर्मा ने समस्याओं को लेकर अभिभाषकों से की चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष एवं राजस्थान उच्च न्यायालय के महाअधिवक्ता भुवनेश शर्मा का गुरुवार को न्यायालय परिसर में अभिभाषक संघ अध्यक्ष एडवोकेट सीताराम शर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने राजस्थानी परम्परानुसार स्वागत किया। इस दौरान महाअधिवक्ता भुवनेश शर्मा ने अभिभाषकों से विस्तार से चर्चा कर उनकी समस्याओं के बारे जानकारी ली। सचिव रमेश डोई, गिरधर सिंह, भंवरलाल तिवाडी, सतीश शर्मा, अबरार अहमद, बनवारीलाल यादव, नरेंद्र चौधरी, हरिराम गुर्जर व कन्हैयालाल मीणा सहित कई अधिवक्ताओं ने महाअधिवक्ता शर्मा को रामलला की तस्वीर देकर सम्मानित किया।

## रामकथा के भव्य आयोजन को सफल बनाने में धन की कमी नहीं आएगी : बी.एल.देशमा

### आयोजन समिति को सौंपा एक लाख इक्यावन हजार का चेक



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** भारत विकास परिषद द्वारा अगस्त माह के अन्तिम सप्ताह में आयोजित होने वाले भव्य रामकथा महोत्सव को सफल बनाने के लिए समाजसेवी व भामाशाह बी.उल. देशमा ने एक लाख इक्यावन हजार का चेंक आयोजन समिति को सौंपा है।

भामाशाह देशमा ने कहा है कि रामकथा जैसे विशाल एवं भव्य आयोजन के लिए धन की कहीं कमी नहीं है। उन्होंने आयोजन समिति सहित क्षेत्र की सम्पूर्ण आम जन से आव्हान करते हुए कहा है कि इस आयोजन को अधिक से अधिक भव्यता एवं सफलता के साथ पूर्ण करने में सभी को हर संभव सहयोग करना चाहिए। परिषद प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया गया कि 24 अगस्त से 1 सितम्बर 2024 तक महेश सेवा सदन में भव्य एवं विशाल रामकथा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

रामकथा महोत्सव के दोरान व्यासपीठ से राष्ट्रीय स्तर के कथा वाचक शंभूशरण जी लाटा अपने श्रीमुख से संगीतमय रामकथा का श्रमण करायेगें। इस आयोजन के मुख्य यजमान एवं समाजसेवी एवं भामाशाह बी.एल.देशमा ने आयोजन समिति को गुरूवार को एक लाख इक्यावन हजार रूपये का चेक सौंपा है। साथ ही इस आयोजन को भव्यता के साथ पूर्ण करवाने में आगे भी जिस तरह से सहयोग की अपेक्षा की जाएगी उसे पूर्ण करने का आश्वासन दिया है।

भारत विकास परिषद अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा, आयोजन समिति के रामबाबू परतानी, त्रिलोक विजय, रामधन चौधरी सहित अन्य सदस्यो ने बी.एल.चौधरी देशमां का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## मुख्यमंत्री की टोंक यात्रा को लेकर सहकारिता मंत्री श्री गौतम कुमार दक ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की रविवार, 30 जून को कृषि उपज मंडी टोंक में यात्रा की तैयारियों का सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम कुमार दक ने गुरुवार को कार्यक्रम स्थल का जायजा लेकर अधिकारियों आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री टोंक में राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत 65 लाख से अधिक किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की बढ़ी हुई राशि उनके खातों में हस्तांतरण करेंगे। गौतम ने जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा से कार्यक्रम के संबंध में अब तक की गई तैयारियों की जानकारी ली।

साथ ही, पुलिस विभाग, रसद विभाग, कृषि उपज मंडी, सहकारिता, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के बारे में पूछा तथा कहा कि बारिश के मौसम को देखते हुए कार्यक्रम में आने वाले लाभार्थियों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं हो। इस दौरान निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा, जिला प्रमुख सरोज बंसल पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता समेत अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## मुख्यमन्त्री भजनलाल शर्मा को किसानों की मांगों को लेकर ज्ञापन देगा भारतीय किसान संघ

**निवाई (का.स.)।** भारतीय किसान संघ जिला टोंक ने सर्वसम्मति से विचार विमर्श कर किसानों की परेशानियों एवं समस्याओं पर मुख्यमन्त्री भजनलाल शर्मा को 30 जून को टोंक में आयोजित समारोह में ज्ञापन देने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि 30 जून को मुख्यमन्त्री भजनलाल शर्मा को ईआरसीपी योजना में सम्पूर्ण टोंक जिले को नहरों से जोडक़र जिले की सम्पूर्ण भूमि को सिंचित करवाने, मधुमम्खी पालन उत्कृष्टता केन्द्र को भरतपुर में स्थापित करने, जिले में रासायनिक उर्वरक रेक पाईन्ट स्थापित करवाने सहित कई समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे।

## परिषद ने गोसवा कर मनाया राष्ट्रीय प्रकल्प

**मालपुरा (नि.स.)।** भारत विकास परिषद शाखा मालपुरा ने सूरज प्रकाश जयन्ती के राष्ट्रीय प्रकल्प को गौ सेवा के रूप में मनाया। गुरूवार को परिषद के अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा के नेतृत्व में परिषद के सभी सदस्य सदरपुरा रोड स्थित श्री गोपाल गोशाला पहुंचे। यहां परिषद के सदस्यो ने गौ माता को चारा व गुड़ खिला कर गौ सेवा की। परिषद प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि प्रदेश में अच्छी बारिश की कामना के साथ गो सेवा कर परिषद के राष्ट्रीय प्रकल्प के कार्यक्रम को पूर्ण किया। इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा, एडवोकेट राजकुमार जैन, प्रवक्ता दिनेश विजय के अलावा सचिव ताराकांत पाठक, वित्त ज्ञानचंद जैन, त्रिलोकचन्द क्याल, सुनील परतानी, मोतीलाल चौधरी, रमेश शर्मा , गोशाला समिति के मंत्री गिरधारी आगीवाल सहित अन्य कई सदस्य मौजुद रहे।

## मालपुरा में पेर पसार रहा सट्टा व नशे का कारोबर कर रहा है युवाओं का जीवन बरबाद

कृष्णचन्द्र विजय

**मालपुरा (बढ़ता राजस्थान)।** मालपुरा शहर व ग्रामीण क्षैत्रो में लगातार पेर पसार रहा सट्टे का कारोबार व नशाखोरी का धंधा युवाओं का जीवन बरबाद कर रहा है। मालपुरा क्षेत्र में सट्टे का कारोबार लगातार पेर पसार रहा है। सूत्रो की माने तो मालपुरा शहर में प्रतिदिन करोड़ो रूपयो का सट्टा लगता है। सट्टे के कारोबार शहर कें कई बुकीज काम कर रहे हैं। बुकीज तो अपने कमीशन के लिए काम कर रहे हैं। लेकिन क्षेत्र के कई युवाओ का आकर्षण व लगाव सट्टे की ओर लगातार बढ़ रहा है। अकेले मालपुरा शहर में प्रतिदिन करोड़ो का सट्टा लगने की जानकारी मिली है। विशेषकर क्रिकेट मेचो को लेकर सट्टा लगाया जाता है। जल्दी अधिक पैसा कमाने के लालच में युवा पहले घर से बाद में बाजार से भारी भरकम ब्याज पर रकम लेकर सट्टा लगा कर अपना एवं अपने परिवार को बरबादी की ओर धकेल रहे हैं। मालपुरा में सट्टा हजारो में लगता है बल्कि करोड़ो तक सट्टे लगाए जाने की चर्चा है। वहीं मालपुरा शहर में नशे का कारोबार भी लगातार बढ़ रहा है। नशे का कारोबार यह रहीं है कि केवल भांग गांजा अथवा शराब तक सीमित है बल्कि चर्चा तो यहां तक सुनने को मिलती है कि मालपुरा में नशे की अन्य नशीली वस्तुओ का कारोबार काफी बढ़ रहा है। इस नशे की गिरफ्त में आकर कई युवा जीवन बरबाद करने में तुले हुए हें। बताया जाता है कि मालपुरा में कई सार्वजनिक स्थानो पर नशीली वस्तुओं का कारोबार व सेवन होता है।यदि शीध्र इस अवैध कारोबार पर रोक नहीं लगाई गई तो वह दिन दूर नहीं जब मालपुरा की युवा पीढ़ी पूरी तरह से इस अवैध कारोबार की गिरफ्त में आकर अपने आपको भारी मुश्किलो में डाल लेगें।

# राजस्थान टीम ने 9वीं जूनियर रग्बी फुटबॉल नेशनल चैंपियनशिप में किया शानदार प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान रग्बी टीम ने 9वीं जूनियर रग्बी फुटबॉल नेशनल चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर अपने राज्य का नाम रोशन किया। राजस्थान रग्बी संघ के सचिव कुलदीप सिंह राजावत ने बताया की प्रतियोगिता का आयोजन 25 एवं 26 जून को पुणे के बालेवाडी स्टेडियम में आयोजित हुआ था ! जिसमे राजस्थान रग्बी ने महाराष्ट्र को 28-5 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया है ! इससे पूर्व टीम ने अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल तक का सफर तय किया हैं। राजस्थान रग्बी संघ के कोषाध्यक्ष जितेश कुमार ने बताया कि पहले मैच में राजस्थान टीम ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ एकतरफा प्रदर्शन किया, जिसमें टीम ने 50-0 से बड़ी जीत दर्ज की। इस जीत ने राजस्थान की मजबूत शुरुआत को दर्शाया। दूसरे मैच में राजस्थान ने अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए जम्मू और कश्मीर की टीम को 36-0 से हराया, जिसमें टीम की प्रभावशाली रक्षा और आक्रामक रणनीति की झलक दिखी।प्री-क्वार्टर फाइनल में राजस्थान ने हरियाणा को 36-0 से मात दी। यह जीत टीम की निरंतरता और उत्कृष्ट खेल का परिणाम थी। साथ ही क्वार्टर फाइनल में राजस्थान ने पश्चिम बंगाल को 29-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया और अपनी जगह पक्की की। इस मैच में भी टीम का शानदार खेल देखने को मिला। सेमीफाइनल में राजस्थान ने महाराष्ट्र के खिलाफ 28-5 की शानदार जीत दर्ज की। यह मैच टीम के लिए एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन उन्होंने इसे आसानी से पार किया और फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में राजस्थान का सामना ओडिशा से हुआ। यह मैच बेहद कड़ा और प्रतिस्पर्धी था, जिसमें राजस्थान ने 5 अंक बनाए लेकिन ओडिशा की टीम ने 10 अंकों के साथ जीत हासिल की और चैंपियन बनी। फाइनल में राजस्थान का प्रयास और संघर्ष प्रशंसनीय रहा।राजस्थान रग्बी संघ के चेयरमैन पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा की राजस्थान टीम ने अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीता और राज्य का गौरव बढ़ाया। सेमीफाइनल तक के उनके विजयक्रम और फाइनल में उनके समर्पण को सराहना मिलनी चाहिए। फाइनल में हार के बावजूद, उन्होंने जिस तरह से खेला, वह प्रेरणादायक है। राजस्थान टीम और उनके सभी खिलाड़ियों को इस बेहतरीन यात्रा के लिए हार्दिक बधाई ! उन्होंने हमें गर्व करने का अवसर दिया है और हमें विश्वास है कि भविष्य में वे और भी ऊँचाइयों को छूएंगे।

प्रगतिशील एवं समावेशी जन नीतियों की दिशा में एक और कदम

# वेदांता उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने में अग्रणी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/ नई दिल्ली ( का.स. )।** कार्यस्थल पर समावेशी एवं सहयोगपूर्ण माहौल को बढ़ावा देने के प्रयास में विश्वस्तर पर विविध प्राकृतिक संसाधन एवं टेक्नोलॉजी कंपनी वेदांता लिमिटेड ने समावेशी और प्रगतिशील जन नीति की घोषणा की है जो कपनी की सभी लोकेशनों पर ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी। इस समुदाय के समक्ष आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए वेदांता पेशेवर विकास को बढ़ावा देने के लिए तत्पर है।

यह पहल अपने कर्मचारियों को अपस्किल करने एवं क्षमता निर्माण की दिशा में वेदांता की प्रतिबद्धता को दर्शाती है तथा सुनिश्चित करती है कि हर व्यक्ति को अपनी उत्पादकता बढ़ाने और अपने करियर में आगे बढ़ने का अवसर मिले।

इस वेदांता लिमिटेड की डायरेक्टर और हिंदुस्तान ज़िंक की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने इस पहल पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ''वेदांता में हम ऐसी संस्कृति के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है जो विविधता को बढ़ावा दे और सभी के लिए एक समान अवसरों को सुनिश्चित करे। हमें उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग नीति की घोषणा करते हुए बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, जो हमारे ट्रांसजेंडर समुदाय को सक्षम बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उनके पेशेवर विकास में निवेश कर हम सभी के लिए एक समान वातावरण का निर्माण करना चाहते हैं और कंपनी के हर कर्मचारी के व्यक्तिगत विकास एवं कल्याण को सुनिश्चित करना चाहते हैं। इस नीति के तहत उन ट्रांसजेंडर कर्मचारियों की पेशेवर शिक्षा के लिए रु 1 लाख तक का आर्थिक सहयोग शामिल हैं जो कम से कम पिछले 18 महीनों से वेदांता के साथ जुड़े हुए हैं। पूरे समूह के लिए घोषित यह नीति इन कर्मचारियों को एक मुश्त लाभ देगी और बिज़नेस पार्टनर्स के लिए भी उपलब्ध होगी, जो कंपनी के विकास एवं सफलता में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं।

यह पिछले साल प्राइड मंथ के दौरान घोषित नीति की दिशा में अगला कदम है, जिसके तहत लिंग पुष्टि सर्जरी हेतु ट्रांसजेंडर कर्मचारियों के लिए छुट्टी और मुआवजे की घोषणा की गई थी। वेदांता अपने कर्मचारियों के लिए बुनियादी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार लाती रही है जो समावेशी कार्यस्थल के निर्माण के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता हैं ।

वेदांता अपने कर्मचारियों और समुदाय के लिए संवेदनशीलता कार्यशलाओं का संचालन भी करती है और सभी कर्मचारियों के लिए सुरक्षित कार्यस्थल बनाने के लिए समर्पित है। इसका उद्देश्य 2050 तक लीडरशिप में 40 फीसदी विविधता को सुनिश्चित करना है। इस लक्ष्य का हासिल करने के लिए कंपनी अपने कोर मूल्यों के अनुरूप विविधता, समानता और समावेशन को बढ़ावा देने के प्रयास जारी रखेगी।

# आरयू के स्विमिंग पूल में डूबने से छात्र की मौत

## साढ़े तीन फीट की गहराई में था, परिजन बोले- इतने कम पानी में कैसे डूबा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान यूनिवर्सिटी के स्विमिंग पूल में गुरुवार शाम एक स्टूडेंट डूब गया। मौके पर मौजूद स्टाफ और छात्रों ने उसे बचाने की भी कोशिश की। अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जहां युवक डूबा, वहां सिर्फ साढ़े तीन फिट गहराई थी। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने पूरे मामले की जांच की मांग की है। मृतक के भाई का कहना है कि इतने कम पानी में वो कैसे डूब गया।

मृतक विकास यादव (21) पुत्र राज मोहन मूल रूप से नीमकाथाना का रहने वाला है। जो राजस्थान यूनिवर्सिटी के अंबेडकर हॉस्टल में रहकर फिजिक्स डिपार्टमेंट से पीजी की पढ़ाई कर रहा था। इस बार गर्मियों में विकास ने अपने साथियों के साथ राजस्थान यूनिवर्सिटी में सालों बाद शुरू हुए स्विमिंग पूल में जाना शुरू किया था। पिछले दो महीने से साथियों के साथ राजस्थान यूनिवर्सिटी के स्विमिंग पूल में शाम 5 से 5:45 के बैच में स्विमिंग करने भी जाता था। गुरुवार शाम अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। अचानक डूबने से उसकी मौत हो गई। विकास के दोस्त मोहित कुमार ने बताया- हम सब शाम 5 बजे वाले बैच में सभी पूल के शुरुआती हिस्से में थे। यहां गहराई मात्र साढ़े तीन फीट के करीब है। स्वीमिंग कर रहे थे। विकास हमारे साथ पिछले लगभग 2 माह से स्वीमिंग कर रहा था। हम कुछ दूरी पर था। अचानक उसे चक्कर आए या बीपी की परेशानी हुई और वह पानी के अंदर चला गया। हमने तुरंत इसकी सूचना पूल स्टाफ को दी। इसके बाद हमने और स्टाफ ने तुरंत विकास को पानी से निकाल कर देखा।

**साढ़े तीन फीट गहराई वाले हिस्से में स्विमिंग कर रहा था युवक :** राजस्थान यूनिवर्सिटी के स्विमिंग पूल के कोच विजय बिश्नोई ने बताया- अचानक मुझे स्टूडेंट्स ने आवाज लगाई और बताया कि विकास बेहोश हो गया है। इसके बाद साढ़े तीन फीट की गहराई से विशाल को बाहर निकाला। उसे होश में लाने की कोशिश करने लगा। तब तक उसकी सास चल रही थी। इसके लिए मैंने उसे प्राथमिक उपचार दिया। लेकिन जब विकास होश में नहीं आया। मैं यूनिवर्सिटी के कुछ स्टूडेंट के साथ विकास को अपनी गाड़ी से लेकर सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार देने की कोशिश की। विकास की जान नहीं बच सकी और डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है।

### भाई बोला- इतने कम पानी में कैसे डूब गया

विकास के भाई कृष्ण कुमार ने कहा- आज राजस्थान यूनिवर्सिटी के स्विमिंग पूल में मेरे भाई की मौत हुई है। उसके कुछ साथी बता रहे हैं कि साढ़े तीन फीट में विकास अच्छे से खड़ा था। ऐसे में अचानक ऐसा क्या हुआ की मेरा भाई इतने कम पानी में डूबकर मर गया। ऐसे में इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। तभी हकीकत का पता चल सकेगा।

# मानसरोवर मैट्रो स्टेशन से सांगानेर फ्लाई ओवर तक 200 फीट सेक्टर रोड़ पर किये गये अवैध कब्जे-अतिक्रमणों को हटाए

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन पीआरएन-साउथ में मानसरोवर मैट्रो स्टेशन से सांगानेर फ्लाई ओवर तक 200 फीट सेक्टर रोड़ पर किये गये अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को हटवाने की कार्यवाही दिनांक: 26.06.2024 से शुरू की गई है, जिसमें से 27.06.2024 को रजत पथ से मंगल फार्म, न्यू सांगानेर रोड़ तक करीब 2.5 कि.मी. तक के एरिया में लगभग 230 अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को हटवाया गया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देषन में उपायुक्त पी.आर.एन. (साउथ), उप नियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-08, 09, 14, पी.आर.एन. (नोर्थ) एवं पीआरएन (साउथ) के सहयोग से रजत पथ से मंगल फार्म, न्यू सांगानेर रोड़ तक रोड़ सीमा से करीब 2.5 किलोमीटर के दायरे में 160 दुकानें/मकानों, 03 मैरिज गार्डन, 40 गोदाम/व्यवसायिक प्रतिष्ठान, 12 रेस्टोरेन्ट/ढ़ाबें, 15 रिक्त बाउण्ड्रीवाल, होर्डिंग-साइन बोर्ड इत्यादि द्वारा किये गये लगभग 230 स्थाई-अस्थाई अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को जोन-पी.आर.एन.(साउथ) के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी, पोकलेण्ड मषीन व लोखण्डा गैस कटर, मजदूरों की सहायता से हटाया जाकर 200 फीट रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन के निर्देषन में उपायुक्त पी.आर.एन.(साउथ) समस्त उपनियंत्रक प्रवर्तन एवं प्रवर्तन अधिकारी जोन-08, 09, 14, पी.आर.एन.(नोर्थ), पी.आर.एन.(साउथ), पुलिस लाईन से प्राप्त अतिरिक्त पुलिस जाप्ता, स्थानीय पुलिस थाना, मानसरोवर व मुहाना का पुलिस बल तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की जा रही है। उन्होंने बताया कि दिनांक: 28.06.2024 को मंगल फार्म से सांगानेर पुलिया तक 200 फीट रोड़ सीमा पर किये गये अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। अत: आमजन से अपील है कि प्रात: 09:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक कार्यवाही के दौरान वैकल्पिक मार्ग से ही आवागमन करें।

# आगजनी से बचाव एवं प्रबंधन के प्रशिक्षण के लिए मॉक ड्रिल आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के आपदा प्रबंधन शाखा की ओर से गुरुवार को स्वास्थ्य भवन में चिकित्सालयों, कार्यालय एवं घर पर आपातकालीन स्थितियों में आगजनी जैसी घटनाओं से बचाव एवं प्रबंधन के प्रशिक्षण के लिए मॉक ड्रिल आयोजित की गई।

सहायक अग्निशमन अधिकारी सुरेश कुमार यादव के नेतृत्व में प्रशिक्षक सावरमल ने स्वास्थ्य भवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आग से बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान फायर ब्रिगेड सहित आग बुझाने के काम में आने वाले विभिन्न तकनीकी उपकरणों के माध्यम से लाइव डेमोस्ट्रेशन दिया।

यादव ने बताया कि किसी भी परिस्थिति में आग लगने पर घबराना नहीं चाहिए।

साथ ही, साहस दिखाते हुए सर्वप्रथम खुद को सुरक्षित करते हुए दूसरों को आग से बचाने के सभी प्रयास करने चाहिए। उन्होंने बताया कि किचन में काम आने वाले एलपीजी सिलेंडर में बेहतर क्वालिटी की गैस पाइप एवं कनेक्टर की जगह क्लिप आवश्यक रूप से इस्तेमाल में लानी चाहिए।

उन्होंने सभी कार्यालयों में आग बुझाने के यंत्रों की समय-समय पर मरम्मत करवाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि आपातकालीन परिस्थितियों में फायर ब्रिगेड के टोल फ्री नम्बर 101 पर कॉल करना चाहिए।

इस मॉकड्रिल के दौरान अतिरिक्त निदेशक राजपत्रित डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, एसएनओ आपदा प्रबंधन डॉ. अलका सक्सेना सहित विभिन्न अधिकारीगण एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जाँच, मिला उपचार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर प्रथम( का.स. )।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरूवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी प्रदान की गई। गौरतलब है कि राज्य स्तर के निर्देशानुसार अब प्रत्येक माह की 09, 18 व 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि जिले के चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकिसकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की जाँच व उपचार किया गया। उनके रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय मे बताया गया और आई.एफ.ए. कैल्शियम तथा अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्साकर्मियों द्वारा उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए पोषणयुक्त आहार लेने हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को गुणवत्ता युक्त प्रसव पूर्व जांच सुविधाएं देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया जाता है, जिससे गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने में मदद मिल सके।

अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को एक स्वस्थ जीवन प्रदान करना है। गर्भवती महिलाओं को रोगों, उपचार एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है, जिससे बच्चे के स्वस्थ जीवन के साथ ही सुरक्षित प्रसव को सुनिश्चित किया जा सके और जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य में आने वाले जोखिम को पूर्व में पहचान कर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जा सके।

# जयपुर में नाले के पास मिला युवक का शव : झाड़ियों में गिरा पड़ा मिला, पास पड़े थे नशे के इंजेक्शन-शीशी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में नाले के पास गुरुवार सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव अमीनशाह दरगाह के पास झाड़ियों में पड़ा मिला। लाश के पास ही नशे के इंजेक्शन और शीशी पड़ी मिली। भट्टाबस्ती थाना पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस ने कांवटिया हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। एसएचओ (भट्टाबस्ती) कैलाश चन्द ने बताया- सुबह करीब 9 बजे अमीनशाह दरगाह के साइड में नाले के पास एक युवक की लाश पड़ी मिली थी। युवक का शव पड़ा होने की सूचना पर स्थानीय लोगों मे सनसनी फैल गई। भट्टाबस्ती थाना पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान बलवीर सिंह उर्फ बंटी बन्ना (30) पुत्र नारायण सिंह निवासी जीएस कॉलोनी रोड नंबर-17 विश्वकर्मा के रूप में हुई। लाश के पास जमीन पर नशे के इंजेक्शन-शीशी भी पड़े मिले है। पुलिस ने स्त्रस्रुटीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस प्रथमदृष्टया माना जा रहा है कि रात के समय ही नशे के ओवर डोज से युवक की मौत हुई है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पूरी तरह खुलासा हो सकेगा।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सहायक कर्मचारी 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार


बढ़ता राजस्थान




**जयपुर ( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की भरतपुर टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कामां जिला डीग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कृष्ण दत्त शर्मा और सहायक कर्मचारी राकेश कुमार सैनी को परिवादी से 25 हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते रंगे गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की भरतपुर टीम को एसीबी हैल्पलाईन के माध्यम से परिवादी द्वारा एक शिकायत दी गई कि उसके नर्सिंग होम में कमी निकाल कर उसे सील करने एवं उसके विरूद्ध थाने में मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्णदत्त शर्मा एवं अन्य द्वारा एक लाख रुपये की रिश्वत राशि मांग कर रहा है। जिस पर एसीबी भरतपुर टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्यवाही करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ., कृष्णदत्त शर्मा एवं सहायक कर्मचारी राकेश कुमार सैनी को 25 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपितों द्वारा शिकायत से पूर्व 45 हजार रुपये एवं शिकायत के सत्यापन के दौरान भी 10 हजार रुपये रिश्वत के रूप में परिवादी से वसूल कर लिये थे।

# सुरेंद्र बज अध्यक्ष, राम प्रसाद कारोड़िया छठी बार निर्विरोध महामंत्री निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** व्यापार मंडल हल्दियों का रास्ता के सत्र नवीन कार्यकारिणी के चुनाव गुरूवार को जौहरी बाजार की बुलियन बिल्डिंग में संपन्न हुए ।चुनाव अधिकारी अजय यादव ने बताया कि सुरेंद्र बज व्यापार मंडल के सर्वसम्मति से छठी बार अध्यक्ष और राम प्रसाद कारोड़िया भी छठी बार महामंत्री निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित महामंत्री राम प्रसाद कारोड़िया ने इस मौके पर कहा कि व्यापार मंडल ग्राहक और व्यापारियों के मध्य सेतु का कार्य करेगा। व्यापार मंडल से जुड़े सभी दुकानदारों के लिए सरकार और प्रशासन के माध्यम से अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जाएगा। व्यापारी समाज के हितों की रक्षा के लिए व्यापार मंडल हर संभव कदम उठाएगा । चुनाव में किशन ग्वालानी, पुरुषोत्तम अग्रवाल और अनिल गर्ग उपाध्यक्ष, रिषभ नागौरी ,राकेश अग्रवाल अमरसरिया, नंद किशोर शर्मा मंत्री और राजेंद्र कुमार जैन कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गोपाल अग्रवाल ,निर्मल मित्तल ,सुरेश बंसल ,मदन लाल शर्मा ,राजकुमार माखीजा ,कैलाश अग्रवाल ,प्रकाश लालवानी ,निलेश अग्रवाल ,महेश लोहिया किशन लाल जिया, बृज किशोर मित्तल निर्वाचित हुए।

## जवाहर कला केंद्र, शिल्पग्राम में होगा आयोजित

# एक दिवसीय जिला स्तरीय मिलेट मेले का आयोजन 29 जून को

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एवं सीएमएचओ जयपुर द्वारा आगामी शनिवार, 29 जून को जेएलएन मार्ग स्थित जवाहर कला केंद्र के शिल्पग्राम में एक दिवसीय जिला स्तरीय मिलेट मेले का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा मोटे अनाज (श्री अन्न) की उपयोगिता एवं गुणवत्ता की जागरूकता हेतु आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए मिलेट मेला 2024 के आयोजन हेतु राज्य सरकार के दिए गए निर्देशों की पालना में शिल्पग्राम में एक दिवसीय जिला स्तरीय मिलेट मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि उक्त मेले में विभिन्न कार्यक्रमों में अधिक से अधिक सहभागिता करते हुए मेले को सफल बनाएं।

## संपूर्णता अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बैठक आयोजित

### 4 जुलाई से 30 सितम्बर तक छह संकेतकों की संतृप्ति के लिए चलाया जायेगा अभियान

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** नीति आयोग द्वारा 4 जुलाई शुरू किये जा रहे संपूर्णता अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट ने विभिन्न विभागों के साथ बैठक ली। नीति आयोग ने मधुमेह, रक्तचाप की जांच से लेकर शिक्षा, पोषण तक विभिन्न सूचकांकों पर भारत भर में सबसे अविकसित इलाकों में सुधार का आकलन करने के लिए एक अभियान शुरू करने की योजना बनाई है। आशान्वित जिला धौलपुर एवं आशान्वित ब्लॉक में छह पहचाने गए संकेतकों में संतृप्ति प्राप्त करने के लिए एक अभियान चलाने के लिए 4 जुलाई से 30 सितंबर तक संपूर्णता अभियान चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश भर के 112 सबसे अविकसित जिलों को तेज़ी से और प्रभावी ढंग से बदलने के लिए 2018 में आकांक्षी जिला कार्यक्रम शुरू किया। इस कार्यक्रम के लाभ के आधार पर, जनवरी 2023 में 500 ब्लॉकों को कवर करने वाला एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम शुरू किया गया। दोनों कार्यक्रम नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने और भारत के सबसे दूरदराज और कम विकसित जिलों और ब्लॉकों में सेवा वितरण में सुधार के लिए शासन में सुधार पर ध्यान केंद्रित करते हैं। ब्लॉक स्तर पर अभियान का लक्ष्य प्रसवपूर्व देखभाल के लिए गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण, उनके द्वारा पूरक पोषण का नियमित सेवन और ब्लॉक की आबादी की मधुमेह और रक्तचाप की जांच जैसे संकेतकों को प्राप्त करना है, जबकि जिला स्तर पर, इसके लक्ष्यों में बच्चों का टीकाकरण, कार्यात्मक बिजली वाले माध्यमिक विद्यालय और शैक्षणिक सत्र शुरू होने के एक महीने के भीतर पाठ्यपुस्तकें प्रदान करना शामिल है। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने विभिन्न सूचकांकों पर बेहतर क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए, साथ ही उन्होंने गैर सरकारी क्षेत्र से भी बेहतर समन्वय स्थापित करने हेतु कहा ताकि विभिन्न संकेतकों पर संपूर्णता के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। बैठक में उपखंडाधिकारी बसेड़ी दिनेश शर्मा और एबीपी फेलो अंकिता भूपारिया, सीएमएचओ जयंतीलाल मीना, डीडी आईसीडीएस भूपेश गर्ग, सीपीओ भरत राव सहित पीरामल फाउंडेशन के पदाधिकारी विनय सिंह और संतोष उपाध्याय मौजूद रहे।

## सबमर्सिबल पम्प से पानी भरने के दौरान हुआ हादसा, किशोरी को लगा करंट, बेसुध किशोरी अस्पताल में भर्ती, उपचार जारी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** उपखंड के बटेश्वर खुर्द गांव में बिजली करंट से हादसा हुआ है। गांव के एक घर मे 18 वर्षीय किशोरी सबमर्सिबल पम्प पर पानी भरते समय हादसे का शिकार हुई है। घटना के दौरान बिजली करंट की चपेट में आने से किशोरी के बेसुध होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में परिजनों द्वारा किशोरी को बाड़ी के सामान्य अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार बाड़ी उपखंड क्षेत्र के बसेड़ी रोड़ स्थित गांव बटेश्वर खुर्द निवासी 18 वर्षीय बबीता उर्फ मनीषा पुत्री विज्जों जाटव पानी भरने के लिए समार्सिबल पंप का तार लगा रही थी। तभी मनीषा के हाथ से एक बिजली का तार छूटकर दूसरे हाथ पर गिर पडा और मनीषा करंट की चपेट में आकर बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। मौके पर पहुंचे परिजन मनीषा को बेहोशी की हालत में बाड़ी के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसका का उपचार किया जा रहा है। सामान्य अस्पताल में तैनात चिकित्सक डॉ कल्पना अग्रवाल ने बताया की विद्युत करंट से घायल हुई किशोरी को अस्पताल में भर्ती कराया है। यह बेसुध अवस्था में है उसको उपचार दिया जा रहा है।

## गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांचकर दिया परामर्श

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** एक्सटेंडेड प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन गुरूवार को जिले के 82 चिकित्सा संस्थानों पर हुआ। इसमें गर्भवती महिलाओं की गुणवत्तायुक्त सेवाओं के साथ प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच कर परामर्श व दवाईयां दी गईं। सीएमएचओ डॉ. जगदीश कुमार सोनी ने बताया कि अभियान में गर्भवतियों की ब्लड, यूरीन टेस्ट, हीमोग्लोबिन, बीपी, शुगर, वजन, लम्बाई सहित अन्य जांचे नि:शुल्क की गई। इस दौरान संभावित जटिल व उच्च जोखिम प्रसव वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर विशेष सावधानियां रखने की हिदायत दी। प्रसव की तैयारी की जानकारी दी गई। साथ ही शिशुओं के स्तनपान, पोषण व टीकाकरण के बारे में बताया। पोष्टिक आयरयुक्त आहार, मिलेट्स लेने की सलाह दी गई। सीएमएचओ ने बताया कि गर्भवतियों की बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य जांच के लिए यह अभियान महीने में तीन बार 9, 18 और 27 तारीख को अयोजित किया जाता है।

## गजेंद्र मोक्ष केवल कथामात्र नहीं, यह हमारी जीवन कथा है : शास्त्री



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** गांव भेसेना में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में चौथे दिन कथा वाचक आचार्य अशोक दत्त शैथिया ने श्रोताओं को प्रहलाद चरित्र, नरसिंह अवतार, गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, मोहिनी अवतार, भगवान श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई। इस दौरान कथा व्यास ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। शास्त्री ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। भागवताचार्य ने वर्णन करते हुए आगे कहा कि कंस की कारागार में वासुदेव- देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। भक्तों ने नाच कूदकर नंदोत्सव मनाया। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। साथ ही कथा व्यास ने गजेंद्र मोक्ष की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा में सुनाई गयी। गजेंद्र मोक्ष की कथा हमारी वास्तविक शक्ति प्रभु की भक्ति में है। यह संसार एक सरोवर के समान है और हम सब इसी सरोवर के जीव हैं। जब जीव श्रीहरि के चरण कमल का आश्रय ले लेता है तो वे उसे इस संसार सागर से पार कर देते हैं। उसकी नैया डूबती नहीं है, उसे हमारे प्रभु उबार लेते हैं। उन्होंने कहा कि गजेंद्र मोक्ष की कथा केवल कथामात्र नहीं है, अपितु यह आपकी हमारी जीवन कथा है।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की अभिवृद्धित राशि का हस्तान्तरण कार्यक्रम

# धौलपुर जिले के 1 लाख 52 हजार 563 लाभार्थियों के खाते में 17 करोड़ 88 लाख 64 हजार 950 रुपए की राशि डीबीटी की गई

### राज्य के 88 लाख से अधिक लाभार्थियों के खातों में 1,037 करोड़ रुपये से अधिक राशि की हुई डीबीटी

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को झुंझुनूं में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का लाभार्थियों के खातों में सीधे हस्तांतरण (डीबीटी) किया। इस दौरान श्री शर्मा ने लाभार्थियों से संवाद भी किया।

जिला स्तर पर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एवं आयोजन नगर परिषद टाउन हॉल में किया गया। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास की भावना से राज्य सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति और उनके परिवार को राज्य सरकार की सुविधाओं से लाभान्वित करने को प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का एक साथ सीधा हस्तांतरण लाभार्थियों के खाते में किया गया। कार्यक्रम में धौलपुर जिले के 1 लाख 52 हजार 563 लाभार्थियों के खाते में 17 करोड़ 88 लाख 64 हजार 950 रुपए की राशि डीबीटी की गई। राज्य भर के 88 लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में 1037 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी की गई। एक अप्रैल, 2024 से पेंशन राशि 1,000 रुपये से बढ़ाकर 1,150 रुपए कर दी गई है।

**इन योजनाओं के लाभार्थियों को मिला लाभ :** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना, लघु एवं सीमान्त वृद्धजन कृषक सम्मान पेंशन योजना आदि पेंशन योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिनकी बढ़ी हुई राशि का लाभार्थियों के खातों में सीधे हस्तांतरण (डीबीटी) किया गया।

## जलदाय विभाग से लगे रामचंद्र जी के मंदिर में भरा पानी

### पुजारी का परिवार परेशान, नहीं हो रही सुनवाई, कर्मचारियों की लापरवाही से पैदा हुई स्थिति

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के जलदाय विभाग के परिसर में पिछले एरिया में बनी पेयजल टंकी के पंप हाउस का पानी कर्मचारियों की लापरवाही से चारदीवारी के डंडे से पार होकर पुराने रामचंद्र जी के मंदिर में घुस रहा है। करीब एक पखवाड़े से पानी घुसने के चलते पूरे मंदिर परिसर का निचला इलाका पानी से भर गया है। ऐसे में मंदिर परिसर में रहने वाला पुजारी का पूरा परिवार सदमे में है और कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों से गुहार लगा चुका है साथ में बाड़ी एसडीएम को भी ज्ञापन के माध्यम से समस्या से अवगत कराया है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। रामचंद्र मंदिर की पुजारी पवन दीक्षित पुत्र केशव चन्द्र दीक्षित ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ रामचंद्र जी मंदिर परिसर में रहते हैं और भगवान राम और उनके भाइयों सहित पूरे परिवार की प्रतिमाओं की पूजा अर्चना करता करते हैं। यह मंदिर देवस्थान विभाग से जुड़ा है और सैकड़ो वर्ष पुराना है। उक्त मंदिर के निचले परिसर में ही उनका रहना है। जिसका दक्षिणी हिस्सा जलदाय विभाग के परिसर से जुड़ा हुआ है। पिछले कुछ दिनों से जलदाय विभाग के पानी की टंकी का जो पंप हाउस है उसमें पानी भरने के बाद ओवरफ्लो हो रहा है। जो सीधे चारदीवारी के डंडे के नीचे से होकर मंदिर परिसर में प्रवेश कर रहा है। एक पखवाड़े से लगातार पानी आने के चलते मन्दिर परिसर के पूरे निचले इलाके में पानी भर गया है और उसमें से निकलना मुश्किल है। उक्त समस्या को लेकर जलदाय विभाग के अधिशासी अधिकारी के साथ में उपखंड प्रशासन को भी अवगत कराया था लेकिन समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मंदिर पुजारी पवन दीक्षित की बुजुर्ग 76 वर्षीय मां माया देवी ने बताया कि बच्चों और उनका कमरे से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है क्योंकि पानी चारों तरफ भर गया है। ऐसे में शौचालय जाने या नहाने के लिए बाथरुम में जाने में परेशानी हो रही है। रसोई में भी पानी भर गया है। ऐसे में भगवान का भोग और खाना कमरे में ही बनना पड़ रहा है।अधिकारी समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे है।

### डायरिया की रोकथाम के लिए चलेगा अभियान

## 1 जुलाई से 31 अगस्त तक आयोजित होंगी गतिविधियां

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** जिले में डायरिया की रोकथाम के लिए 1 जुलाई से 31 अगस्त तक अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की ओर से विस्तृत गाइड लाइन जारी कर दी गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जयंती लाल मीणा ने बताया कि इस बार की थीम डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान रखी गई है। उन्होंने बताया कि अभियान 8 सप्ताह के लिए चलाया जाएगा। इस बीच आशाएं 5 साल तक के बच्चों का घर-घर जाकर सर्वे करेंगी और ओआरएस के पैकेट तथा जिंक टेबलेट्स का वितरण करेंगी।

एसीएमएचओ डॉ गौरव मीणा ने बताया कि सभी राजकीय चिकित्सालयों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथ आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ओआरएस जिंक कॉर्नर स्थापित किए जाएंगे। इस दौरान उपचार के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को डायरिया के लक्षण और बचाव के प्रति जागरूक भी किया जाएगा तथा इन कॉर्नर्स की मदद से ओआरएस तथा जिंक टेबलेट्स का निशुल्क वितरण भी आवश्यकतानुसार किया जाएगा। इससे पहले 14 से 30 जून के बीच सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों अभियान चलाकर डायरिया नियंत्रण अभियान को गति देने के लिए ओआरएस, आईवी फ्लूड और जिंक टेबलेट्स की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, जलदाय विभाग, नगर निकाय का सहयोग भी लिया जाएगा।

## डीएनए टेस्ट के लिए शिक्षा मंत्री को भेजेंगे ब्लड, दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( नि.स. ) ।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के बयान से नाराज लोगों ने उखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सोपा है । गुरुवार को यहां डॉ. अंबेडकर विचार मंच ने मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देकर प्रदेश की शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के विरुद्ध नाराजगी प्रकट की। इस दौरान मंच सदस्यों ने नाराजगी जताते हुए शिक्षा मंत्री दिलावर का पुतला भी फूंका ज्ञापन में बताया कि जब से मदन दिलावर ने शिक्षा मंत्री का पद ग्रहण किया है।

तब से वह एक वर्ग के लिए अनर्गल बयानबाजी व आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहे हैं। जिससे सभी वर्गों में दिलावर के प्रति गहरी नाराजगी है। मदन दिलावर ने हाल ही में आदिवासी समाज के प्रति आपत्तिजनक व निंदनीय टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि आप अपने बाप की औलाद है या नहीं इसकी डीएनए टेस्ट कराई जाएगी। इस निंदनीय बयान से समाज में नाराजगी है तथा इसका विरोध किया जा रहा है। इसे लेकर मंच ने उपखंड अधिकारी देवली के नाम ज्ञापन सौपा है। वही तहसील परिसर में मंच सदस्यों ने अपना ब्लड एकत्रित किया। जिसे शिक्षा मंत्री को जांच के लिए भेजा जाएगा। इस दौरान मंच सदस्यों में नाराजगी दिखाई दी। यहां मंच अध्यक्ष राजबहादुर वर्मा, यादराम मीणा, दिलखुश टाटावत, मोहन लाल बैरवा, विनोद मीणा, सुरेश,एडवोकेट बाबू लाल, महैन्द्र बैरवा, मोती लाल मीणा, रामसिंह मीणा समेत सहित कई लोग मौजूद रहे ।

## पटवारी छह हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**टोंक ( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) टोंक टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए गोठड़ा तहसील मित्रपुरा जिला सवाईमाधोपुर के पटवारी आशीष मीणा को परिवादी से छह हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की टोंक टीम को परिवादी ने शिकायत दी गई कि नामान्तकरण खोलने एवं हक त्याग का इन्द्राज करने की एवज में पटवारी आशीष मीणा दस हजार रुपये की रिश्वत राशि मांग कर रहा है। जिस पर एसीबी टोंक टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झाबर मल के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्यवाही करते हुए पटवारी आशीष मीणा को छह हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

## दलित अत्याचार एक्ट में आरोपी को पुलिस ने पकड़ा, जबरन करना चाहता था दलित विधवा की बेटी से शादी, बना रहा था परिवार पर दबाब



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड की सीओ ऑफिस पुलिस ने कोतवाली पुलिस के सहयोग से सीओ नरेंद्र कुमार के सुपरविजन में कार्रवाई करते हुए एससी-एसटी दलित अत्याचार निरोधक अधिनियम में एक आरोपी को किला परिसर से गिरफ्तार किया है। जो एक दलित विधवा की बेटी से जबरन शादी करने के लिए दबाव बना रहा था और परिवार के लोगों को धमकी देने के साथ मारपीट भी की थी। ऐसे में गिरफ्त में आए आरोपी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट एवं विभिन्न धाराओं में कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

बाड़ी सीओ ऑफिस के रीडर बहादुर सिंह ने बताया की कोतवाली थाने में 30 मई को शहर के धौलपुर रोड स्थित एक कॉलोनी की रहने वाली विधवा दलित महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी । उक्त प्रकरण को लेकर कोतवाली थाना पुलिस ने पूरे मामले की जांच और कार्रवाई के लिए फाइल सीओ नरेंद्र कुमार को सौंपी थी। सीओ नरेंद्र कुमार द्वारा पूरे मामले की जांच के लिए कोतवाली एएसआई जितेंद्र सिंह,ऑफिस रीडर बहादुर सिंह,कांस्टेबल ज्ञानेंद्र कुमार,रामकेश, श्याम सिंह,कलीम खान,महेश चंद्र,होरी लाल की टीम का गठन किया। जो आरोपी की तलाश में जुटी थी। टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर आरोपी को सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास वाली गली में बैठे हुए घेरा देकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी आकाश यादव पुत्र मुकेश यादव के खिलाफ आईपीसी की धारा 504,506,427 और एससी एसटी एक्ट के मामले में पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## टोंक शहर के विकास के संकल्प के साथ नगर परिषद् कि बैठक संपन्न, भाजपा पार्षदों ने कि किया बहिष्कार

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, ( का.स. )।** शहर की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने और टोंक शहर को विकसित करने के संकल्प के साथ गुरुवार को नगर परिषद् की बैठक सभापति अली अहमद और आयुक्त ममता नगर की मौजूदगी मैं अग्निशमन केंद्र पर संपन्न हुई। हालाँकि बैठक मैं पार्षदों ने शहर की सफाई व्यवस्था , अतिक्रमण और पटटों को लेकर आवाज उठाई लेकिन सभापति ने उनको समझाकर शांत कर दिया। इससे पहले पूर्व के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। भाजपा पार्षदों ने देरी से बैठक बुलाने, उनके आने से पहले ही बैठक शुरू करने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर बैठक से बाहर आ गए। उनका आरोप था कि कई बार आग्रह करने के बाद भी परिषद् कि बैठक नहीं बुलाई गई। इसके बाद भाजपा पार्षद बैठक का बहिष्कार कर चले गए। तालकटोरा के आस-पास मकानों में पानी भरने पर पार्षद उमर जहां ने धरने की चेतावनी दी। इस पर सभापति ने नाला बनाने को कहा। पार्षद सुनील बंसल ने नाले पर पुलिया बनाने को कहा। पार्षद शब्बीर अहमद ने कहा कि सडक़ व नाली निर्माण की मांग की। पार्षद यासीन ने वार्ड 24 में रोड लाइट की समस्याएं बताई। पार्षद रमेश महावर ने सडक़ के छोड़े गए टुकड़े को पूरा कराने को कहा।

पार्षद अशरफ गुज ने घर-घर कचरा संग्रहण के टेंडर की जांच की मांग रखी। पार्षद युसूफ ने सीवरेज में बरती गई अनदेखी की जांच कराने को कहा। आयुक्त ममता नागर ने सम्बन्धित को नोटिस देने को कहा। इसका अनुमोदन भी किया गया। पार्षद रामदेव गुर्जर ने श्मशान में हाइमास्ट लाइट लगाने को कहा। नगर परिषद के कई कर्मचारी चुनाव ड्यूटी के बाद से अन्य विभागों में लगे हैं। आयुक्त ने जिला कलक्टर को पत्र भेजकर सभी कर्मचारियों की लिस्ट बनाकर वापस लगाने को कहा।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों की वीसी

### पंचायत समिति के वीसी रूम में हुआ आयोजन, सीएम का लाइव दिखा कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (नि.स.)।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत गुरुवार को पेंशन लाभार्थी उत्सव का आयोजन झुंझुनू जिले में किया गया जहां राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रदेश के 88 लाख से अधिक पेंशनरों के खातों में 1037 करोड़ की राशि स्थानांतरित की गई। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया साथ में वीसी के माध्यम से उपखंड मुख्यालय पर सीधे मुख्यमंत्री को लाभार्थियों से संपर्क कराया गया। इसी के तहत शहर के पंचायत समिति वीसी रूम में एसडीएम राधेश्याम मीणा के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें सामाजिक सुरक्षा योजना से जुड़े विभिन्न श्रेणी के पेंशनर्स शहर की नगर पालिका के पार्षदगण,अध्यक्ष,अस्पताल के पीएमओ सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम राधेश्याम मीणा ने बताया कि सीएम भजनलाल शर्मा द्वारा सभी लाभार्थियों से जुड़ने के लिए उपखंड के पंचायत समिति वीसी रूम में लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। मुख्यमंत्री द्वारा हालांकि इस दौरान स्थानीय किसी पेंशनर से संवाद तो नहीं किया गया लेकिन पेंशनरों को यह जानकारी दी गई कि अब उन्हें 1000 के स्थान पर 1150 रुपए मिलेंगे।

## तहसीलदार ने किया आधार केंद्रों का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** ज़िला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देशानुसार गुरुवार को तहसीलदार गजेंद्र सिंह राठौड़ ने उपखंड क्षेत्र के 9 आधार केंद्रों का निरीक्षण किया और आधार केन्द्र संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने ब्लॉक के 9 आधार केंद्रों का निरीक्षण कर उनकी जांच की और लोगों से जानकारी ली। तहसीलदार ने बताया कि आधार केन्द्र संचालकों को आमजन से मधुर व्यवहार रखते हुए निर्धारित दर पर कार्य करने और टोकन प्रणाली करने और अवैद्य वसूली नही करने के लिए पाबंद किया गया। उन्होंने संचालकों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अवैद्य वसूली करने या निर्धारित दर से ज्यादा वसूली की शिकायत मिलने पर ठोस कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान निरीक्षण टीम के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के प्रोग्रामर विनोद सैन, सुंदरलाल सहित टीम के सदस्य मौजूद रहें।

## उपचुनाव की तैयारी को लेकर एसडीएम ने की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** कस्बें के पंचायत समिति सभागार में गुरुवार को एसडीएम रविकांत सिंह ने पंचायत समिति सदस्य उपचुनाव को लेकर पीआरओ और पीईओ की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम रविकांत सिंह ने बताया कि बानसूर पंचायत समिति के वार्ड नं. 17 में 30 जून को उप चुनाव होगा। जिसको लेकर चुनाव से संबंधित अधिकारियों और मास्टर ट्रेनरों को मतदान प्रक्रिया को लेकर प्रशिक्षण दिया गया और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति के वार्ड नं.17 के सदस्य का निधन हो जानें पर सदस्य की सीट पर 30 जून को सुबह 7 बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। 1 जुलाई को सुबह 9 बजे से पंचायत समिति कार्यालय पर मतगणना होगी। उन्होंने बताया कि मतदान को लेकर सभी तैयारियां पुरी कर ली गईं है। इस मौके पर एसडीएम रविकांत सिंह, सहायक रिटर्निंग अधिकारी गजेन्द्र राठौड़, चुनाव प्रभारी पूर्ण यादव सहित चुनाव से संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहें।

## विद्युत विभाग ने बिजली चोरी करने वालो की भरी वीसीआर

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** विद्युत विभाग द्वारा गुरुवार को बिजली चोरी करने वालों के विरूद्ध केबल काटने व वीसीआर भरने की कार्रवाई की गई। जेईएन सोहन लाल स्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत विभाग के अधिकारियों के निर्देशो पर विभाग की टीम ने चोरी करने वालों के खिलाफ़ कार्रवाई करते हुए नारायणपुर,बानसूर नगरपालिका क्षेत्र औंर रामपुर कस्बें में अलग अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए बिजली चोरी करने की केबल जब्त की और 7 वीसीआर भरकर 2 लाख रुपये जुर्माना किया गया। उन्होंने बताया कि बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ़ अभियान लगातार जारी रहेगा और चोरी करने वालों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाएगी।

## पाटन थाना अंतर्गत ओवरलोड वाहनों को जप्त कर, 11 लाख 88 हजार का जुर्माना लगाया

बढ़ता राजस्थान

**पाटन ( नि.स. )।** क्षेत्र में चल रहे ओवरलोड वाहनों पर पाटन थाना अधिकारी विक्रम सिंह अपने पदभार ग्रहण के दिन से ही ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही करते हुए नजर आ रहे है। इसी के भय से पाटन क्षेत्र में ओवरलोड वाहन लुप्त होते दिखाई दे रहे है। एवं जो वाहन चल रहे है वह अंडरलोड ही चलते हुए नजर आ रहे हैं। ऐसे में कह सकते हैं कि पुलिस एवं आरटीओ एवं प्रशासन द्वारा लगातार क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही की जा रही है। जिसका परिणाम यह देखने को मिला कि क्षेत्र में ओवरलोड वाहन दिखाई नहीं देते। देखा गया है की क्षेत्र में सड़क पर केवल अंडर लोड वाहन ही चलते हुए दिखाई देते हैं।इससे दुर्घटनाएं भी बहुत कम हो रही है।अगर ऐसी कार्रवाई पहले से होती तो शायद ओवरलोड वाहनों की वजह से तीन पुलिसकर्मियों सहित क्षेत्र में अन्य दुर्घटनाएं भी नहीं होती। क्योंकि पाटन थाना अधिकारी विक्रम सिंह अपने पदभार ग्रहण के दिन से ही ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्यवाही कर रहे है। थानाधिकारी विक्रम सिंह ने रात को 12ः00 बजे भी ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए नजर आए थे और कभी तो सुबह 5ः00 बजे भी कार्यवाही करते हुए दिखाई दिए। इसी का परिणाम है की क्षेत्र में ओवरलोड वाहन लुप्त होते दिखाई दे रहे है।पाटन थाना अधिकारी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत पुलिस थाना पाटन की टीम एवं आरटीओ व प्रशासन के सहयोग से 70 ओवरलोड वाहनों को जप्त किया गया एवं इन पर 11 लाख 88 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। थाना अधिकारी ने यह बताया कि क्षेत्र में आगे भी ओवरलोड वालों के खिलाफ कार्यवाही चलती रहेगी एवं क्षेत्र में अन्य प्रकार की घटनाओं पर भी अंकुश लगाया जाएगा।

## सरकारी एजेंसी का दुरुपयोग कर भाजपा कर रही तानाशाही : नेता प्रतिपक्ष

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने जनसुनवाई के दौरान भारतीय जनता पार्टी की सरकार के आपातकाल के मुद्दे पर पलटवार करते हुए कहा कि उस समय देश में घोषित आपातकाल था जिसको लेकर भाजपा के नेता बेवजह हंगामा खड़ा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज देश मे अघोषित आपातकाल चल रहा है। इस राज में जनता की आवाज को सुना नहीं जा रहा है, विपक्ष यदि अपनी बात रख रहा है तो उन्हें गिरफ्तारी का डर दिखाकर उनके खिलाफ हो मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में सरकारी एजेंसी का दुरुपयोग कर भारतीय जनता पार्टी ने अघोषित आपातकाल लगा दिया है। उन्होंने कहा कि यह बात कर रहे हैं कांग्रेस ने आपातकाल लगाया, आपातकाल तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार लगा रही है। चुनी हुई सरकारों को गिराया जा रहा है, संविधान से खिलवाड़ किया जा रहा है,तानाशाही और हिटलरशाही स्वच्छ राजनीति को गंदा कर रही है। उन्होंने कहा कि जो मीडिया इस तानाशाही के खिलाफ बोलता है उस पर कार्यवाही की जा रही है, एक्टिविस्टों पर कार्यवाही की जा रही है,विपक्ष के खाते सीज किए जा रहे हैं, यह देश में अघोषित आपातकाल है।

## दुपहिया वाहन चुराने वाले गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** माणक चौक थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम उत्तर (डीएसटी) ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। और उनके पास से चुराए गए आठ दुपहिया वाहन भी बरामद किए गए हैं । फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपयुक्त सूरज जयपुर उत्तर राशि डोगरा ने बताया कि माणक चौक थाना पुलिस और डीएसटी उत्तर मैं दुपहिया वाहन चुराने वाले शातिर बदमाश योगेंद्र महावर उर्फ गोलू निवासी जयसिंहपुरा खोर जयपुर, टीकम बेरवा निवासी जामडोली आगरा रोड जयपुर और मुकुल महावर निवासी बस्सी गिरफ्तार किया है।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित

# कोटपूतली-बहरोड़ जिले के 1 लाख 57 हजार 637 लाभार्थियों के खाते में 18 करोड़ 12 लाख 82 हजार 550 रुपए की राशि डीबीटी की गई

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को झुंझुनूं में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का लाभार्थियों के खातों में सीधे हस्तांतरण (डीबीटी) किया। इस दौरान शर्मा ने लाभार्थियों से संवाद भी किया।जिला स्तर पर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एवं आयोजन राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया। इस अवसर पर विधायक हंसराज पटेल, नगर परिषद सभापति पुष्पा सैनी, जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल, अलवर जिला भाजपा अध्यक्ष उम्मेद सिंह भाया, एडीएम योगेश कुमार डागुर, एएसपी नेम सिंह, एसीईओ रामनिवास राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में मौजूद रहें।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास की भावना से राज्य सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति और उनके परिवार को राज्य सरकार की सुविधाओं से लाभान्वित करने को प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का एक साथ सीधा हस्तांतरण लाभार्थियों के खाते में किया गया। कार्यक्रम में कोटपूतली-बहरोड़ जिले में 1 लाख 57 हजार 637 लाभार्थियों के खाते में 18 करोड़ 12 लाख 82 हजार 550 रुपए की राशि डीबीटी की गई। राज्य भर के 88 लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में 1037 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी की गई। एक अप्रैल, 2024 से पेंशन राशि 1,000 रुपये से बढ़ाकर 1,150 रुपए कर दी गई है।

**इन योजनाओं के लाभार्थियों को मिला लाभ :** सहायक निदेशक रमेश दहमीवाल ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना, लघु एवं सीमान्त वृद्धजन कृषक सम्मान पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय नि:शक्त पेंशन योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिनकी बढ़ी हुई राशि का लाभार्थियों के खातों में सीधे हस्तांतरण (डीबीटी) किया गया।जिला स्तरीय कार्यक्रम में कोटपूतली शहर तथा ग्रामीण के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थी (वृद्धजन, विधवा, नि:शक्तजन) ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इसके साथ ही कार्यक्रम ग्राम पंचायत व पंचायत समिति स्तर पर भी आयोजित किया गया।

## राजस्थान प्रदेश माली महासभा के प्रदेश सचिव नियुक्त बबलू बबेरवाल



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा (रजि.)जयपुर में महासभा के महामंत्री भवानीशंकर माली ने वार्ड 7 ढाणी दीपावाली आदर्श नगर कोटपूतली निवासी बबलू बबेरवाल को सैनी महासभा के प्रदेश सचिव पद पर नियुक्त किया है।महामंत्री ने नवनियुक्त सचिव बबेरवाल से संगठन एवं समाज को मजबूत करने का आह्वान किया है।प्रदेशाध्यक्ष ताराचंद गहलोत ने बताया बबेरवाल ने इसे पहले विभिन्न पदों पर जैसे कोटपूतली पूर्व में चार सामूहिक विवाह सम्मेलन करा चुके हैं आगे पंचम सामूहिक विवाह सम्मेलन 12 नवंबर 2024 को होने जा रहा है वर्तमान में सैनी महासभा जिला कोटपूतली-बहरोड़ के जिला अध्यक्ष हैं पूरे जिले में जोर-शोर से सामाजिक कार्य में लग रहे हैं।प्रदेश सचिव बनने पर कोटपूतली जिले में खुशी की लहर है।

इस मौके पर बाबूलाल सैनी,राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के संयुक्त सचिव पत्रकार बिल्लूराम सैनी,रामस्वरूप सैनी,रामजीलाल सैनी, रामकुमार रसनाली युवा नेता,सीमा सैनी विराटनगर,संजय दैया,गंगाराम सैनी,सुरेश सैनी बहरोड़,विनोद सैनी नारायणपुर,कुलदीप सैनी बानसूर विभिन्न समाजसेवी मौजूद रहे।

## पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने किया रोड जाम



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम आलनपुर में पानी की समस्या को लेकर गुरुवार को महिलाओं ने अलवर बहरोड़ राज मार्ग पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया व महिलाओं ने मटकी फोड़कर जलदाय विभाग से पानी की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से कस्बे में पानी की भारी समस्या बनी हुई है जिसको लेकर ग्रामीणों ने कई बार विभाग के अधिकारियों और प्रशासन से शिकायत की गई लेकिन ग्रामिणों की कोई सुनवाई नहीं की गई। जिसको लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और अलवर बहरोड़ सड़क पर जाम लगाकर पानी की मांग की।ग्रामीण रामकुवार जांगिड ने बताया कि पिछले 2 सालों से गांव में पानी की भारी किल्लत बनी हुई है। जिसको लेकर ग्रामीण खुद के पैसे से टैंकर मंगवाकर पानी की पूर्ति कर रहें हैं। विभाग के अधिकारियों को कई बार शिकायत के बाद भी विभाग की ओर से टैंकर नही चलाए गए और नाही पानी की व्यवस्था की गई। जिससे गुस्साए ग्रामीणों और महिलाओं ने गुरुवार की सुबह क़रीब 9 बजे अलवर बहरोड़ सड़क पर जाम लगाकर पानी की मांग की। सूचना पर विभाग की जेईएन ललतोश गुर्जर और हरसौरा थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइश कर जाम खुलवाया ।

जेईएन ललतोश गुर्जर ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना की स्कीम के तहत ग्राम पंचायत की ओर से पानी की व्यवस्था की जा रही थीं। जहा एक ट्यूबवेल का पावर कनेक्शन नही होने से ग्रामीणों को पानी की समस्या हो रही थीं।ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दी। सूचना पर मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों से समझाइश कर मामला शांत करवाया और सड़क से जाम हटवाया गया। ट्यूबवेल का मिलान कर चालू करवा दिया गया।

## करंट लगने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की हुई मौत

बढ़ता राजस्थान

**पीपलू( नि.स. )।** उपखंड के रानोली कस्बे के समीप गांव हनीफगंज अहिरो का मोजा में करंट की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गांव में लगे हुए ट्रांसफार्मर पर मोर चिपक गया। जिसके चलते मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के जांबाज सिपाही मनराज यादव ने विधुत विभाग को सूचना देकर बिजली सप्लाई बंद करवाकर ग्रामीणों के सहयोग से बड़ी मुश्किल से मोर को नीचे उतारा।

## डॉक्टर सूरज प्रकाश जयंती पर ब्लड शुगर बीपी जांच शिविर का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** भारत विकास परिषद शाखा बहरोड़ लगातार 30 वर्षों से क्षेत्र में सेवा कार्य करती आ रही है उसी कड़ी में गुरुवार को स्टेडियम के बाहर सूरज प्रकाश जयंती के उपलक्ष में ब्लड शुगर तथा बीपी जांच सिविल का आयोजन किया जिसमें लगभग 150 लोगों की जांच की गई तथा उनका नियमित रूप से व्यायाम तथा घूमने की भी सलाह दी गई कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर जे आर राव द्वारा बताया गया इस संस्था की स्थापना का उद्देश्य भारतीय समाज का सर्वांगीण विकास करना है। इस विकास में सामाजिक, सांस्कृतिक, नैतिक, राष्ट्रीय एवं आध्यात्मिक सभी प्रकार का विकास समाहित है। इस हेतु परिषद् सम्पन्न वर्ग को समाज के कार्य के लिए प्रेरित कर सेवा एवं संस्कार द्वारा निर्धन लोगों के उत्थान के कार्य में लगा रहा है। कार्यक्रम सहसंयोजक प्रेमचंद सेन द्वारा बताया गया सूरज प्रकाश के नेतृत्व में 10 जुलाई 1963 में भारत विकास परिषद की स्थापना हुई थी। परिषद में विभिन्न व्यवसाय व कार्यों में लगे श्रेष्ठतम लोगों का एक राष्ट्रीय और राजनैतिक निस्वार्थ समाज सेवी एवं संस्कृति संगठन है। इसका उद्देश्य भारतीय समाज का सर्वांगीण विकास करना है। कार्यक्रम में अध्यक्ष विपिन कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष नरेंद्र यादव पूर्व अध्यक्ष अनिल सेठ प्रांतीय प्रकल्प प्रमुख पर्यावरण दीनदयाल खंडेलवाल व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल संजय शर्मा डॉक्टर अनिल गुप्ता हीरालाल प्रजापत संयोजक वीरेंद्र वर्मा पूर्व अध्यक्ष कमलेश सोनी नवीन शर्मा हेमंत जोशी सुधीर यादव मनोज चौधरी प्यारे लाल सैनी गुलाब चंद प्रजापत इत्यादि परिषद के लोग उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में श्री अखिल भारतीय पालीवाल जैन महासभा शाखा अलवर द्वारा की जलसेवा

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** बुधवार को सायं पांच बजे श्री अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा शाखा अलवर के बैनर तले निःशुल्क जल सेवा वितरण धोबी गट्टा में किया गया। सहयोग कर्ता कमलेश अतुल जैन एडवोकेट सिविल लाइन अलवर है।

नरेन्द्र कुमार जैन हसन का मेवात नगर मंत्री, नरेन्द्र जैन विधि मंत्री, राहुल जैन बीच का मौहल्ला उपस्थित रहे। पालीवाल समाज के पवन चौधरी ने बताया कि इस भीषण गर्मी को देखते हुए श्री अखिल भारतीय पालीवाल जैन महासभा शाखा अलवर द्वारा जल सेवा के लिए किया जा रहे हमारा कार्य पुनीत कार्य है जहां लोगों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है । धार्मिक सहयोग के लिए बहुत-बहुत अनुमोदना 2,01,000/- विमला जैन धर्मपत्नी स्व.पारसमल जैन एवं मधु - पवन चौधरी, शारदा - मुकेश ,सपना - मनोज जैन, भावना - संजय (पुत्रवधु-पुत्र) व पायल - अमित (पौत्रवधु-पौत्र), अनीश, भव्य, पार्थ (पौत्र) बड़ौदाकान वाले हाल निवासी - 1/544, काला कुआं, अरावली विहार, अलवर ने पल्लीवाल धर्मशाला श्रीमहावीरजी की नवीन सीढ़ियाँ (स्टील की रेलिंग व टाईल्स वर्क सहित) बनवाने का लाभ लिया है। कर्मयोगी वीरेंद्र जैनमंत्री :पल्लीवाल जैन धर्मशालाश्रीमहावीरजी ने बताया कि धर्मशाला प्रबंधन समिति आपके सुकृत सहयोग की हृदय से बहुत-बहुत अनुमोदना करती है।

## मुख्यमंत्री के स्वागत की तैयारी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. )।** विराटनगर कस्बा स्थित रामलीला मैदान में गुरुवार को जयपुर जिला देहात उत्तर के अध्यक्ष श्याम शर्मा के मुख्य आतिथ्य में विराटनगर शहर भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई।बैठक में विराट नगर विधानसभा क्षेत्र के तीन बड़े बांध जवानपुरा धाबाई, छीतौली तथा बुचारा बांध को ई आर सी पी में जोड़ने पर आगामी 1 जुलाई को विराटनगर के भाकरी गांव में आयोजित मुख्यमंत्री के आगमन और उनके स्वागत, धन्यवाद समारोह की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। जिसे लेकर जिलाध्यक्ष ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में समारोह में पहुंचने का आव्हान किया। इस दौरान संगठन आत्मक विषय पर भी चर्चा की गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष को क्षेत्र की अनेक समस्याओं से भी अवगत कराया। जिस पर उन्होंने सकारात्मक सोच के साथ क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर कार्य कर्ताओं को एकजुट होने की सीख दी।

इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष का साफा बांधकर, माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सरदारमल यादव, जिला उपाध्यक्ष गिरिराज शर्मा ने भी अपने विचार रखें। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सुरेश बदालीवाल, मंडल संयोजक महेंद्र सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मामराज सोलंकी, अशोक जैन, महामंत्री सत्यनारायण सैनी, पूर्व वाइस चेयरमैन बाबूलाल मीणा, पूर्व चेयरमैन भागीरथ सैनी, नेता प्रतिपक्ष रोमेश मिश्रा महिला मोर्चाध्यक्ष सीमा सैनी, भाजयुमो अध्यक्ष हेमराज सैनी, महेश सैनी, रूपेंद्र शर्मा, बंशीधर सैनी, जितेंद्र सैनी, सुर्ज्ञानी सैनी, भेरूलाल सैनी, शिवराम गुर्जर, सुरेंद्र वशिष्ठ, प्रह्लाद सहाय इंदोरिया, बाल सिंह, अजय जैन, विजय सैनी, राजू यादव, रामकरण छावडी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली कर रहे हैं जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने गुरूवार को मोती डूंगरी स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई की। जनसुनवाई में अलवर जिले सहित प्रदेश भर से बड़ी संख्या में अपनी परिवेदनाएं लेकर लोग पहुंचे जिनके निस्तारण के लिए जूली ने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि भले ही प्रदेश में राज भारतीय जनता पार्टी का हो लेकिन आज भी जनता कांग्रेस पार्टी के जनप्रतिनिधियों तक अपनी बात लेकर पहुंच रही है। उन्हें भाजपा के नेताओं पर विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि अलवर के शहर विधायक और जिले के सांसद शहर और जिले को छोड़कर यात्राओं में मस्त है ऐसे में जनता अपनी समस्या किसे बताएं।जूली ने कहा कि भाजपा राज में पानी और बिजली की समस्या ने आमजन का जीना दुश्वार कर दिया है। उन्होंने बताया कि न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में बल्कि शहर में भी बिजली की आंखमिचोली से लोग परेशान है वही पानी के लिए जनता तरस रही है जिसके चलते रोज जाम लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अलवर में पिछले 20 साल से भाजपा का राज है लेकिन भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों ने कभी भी पानी की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया वे केवल कोरी राजनीति करते रहे।

# कोटा शहर में एक और छात्र के सुसाइड का मामला

## छात्र मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी की कर रहा था तैयारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शहर में एक और छात्र के सुसाइड का मामला सामने आया है ।यह कोचिंग छात्र मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी की तैयारी करने के लिए बिहार से कोटा आकर दादाबाड़ी थाना इलाके में रह रहा था। छात्र 12वीं की पढ़ाई के साथ मेडिकल एंट्रेंस की तैयारी भी निजी कोचिंग संस्थान से कर रहा था। सुबह जब परिजनों का फोन छात्र ने नहीं उठाया, तो इसके बाद उसके पीजी मालिक को परिजनों ने फोन किया। पीजी मालिक ने जब दरवाजा खटखटाया तो उसने नहीं खोला, इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर जब पुलिस पहुंची, तो छात्र मृत अवस्था में कमरे में मिला। दादाबाड़ी थाना अधिकारी नरेश मीणा के अनुसार छात्र बिहार के भागलपुर का निवासी 17 वर्षीय ऋषित अग्रवाल है। छात्र के सुसाइड के संबंध में उन्होंने उच्च अधिकारियों को सूचना दी है ।उनके दिशा-निर्देश मिलने पर के शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। एफएसएल टीम ने भी कमरे की जांच पड़ताल की है। इसके संबंध में उसके परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। परिजन भागलपुर से कोटा के लिए रवाना हो गए हैं। थाना अधिकारी के अनुसार प्रथम दृष्टया किसी तरह का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। ऐसे में परिजनों के आने के बाद पूरे मामले की पड़ताल होगी। उसके बाद ही सुसाइड के कारण सामने आ सकेंगे।

# फ्लाईओवर पर पलटा ट्रक, बाइक सामने आने पर लगाया था ब्रेक

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शहर के गुमानपुरा इलाके में एक मिनी ट्रक बेकाबू होकर पलट गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। जिस जगह पर हादसा हुआ आस पास उस समय कोई गाड़ी नहीं थी, ऐसे में अच्छी बात यह रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। ट्रक चालक मुकेश कुमार के अनुसार वह कोटा से जयपुर की तरफ एक कंपनी के कॉस्मैटिक्स व अन्य उत्पादों को भरकर मिनी ट्रक से लेकर आ रहा था। सुबह करीब साढ़े नौ बजे छावनी फ्लाई ओवर के ऊपर ट्रक पहुंचा ही था, इसी दौरान रॉन्ग साइड से एक बाइक सवार अचानक सामने की तरफ आ गया। उसने बाइक सवार को बचाने के चक्कर में हड़बड़ाहट में ब्रेक लगाया जिससे मिनी ट्रक बेकाबू हो गया और डिवाइडर के पास पलट गया। हादसे की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे की वजह से कोटडी की तरफ जाने वाले रास्ते पर जाम की स्थिति बन गई। यातायात पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को साइड में करवाया, जिसके बाद ट्रैफिक चालू हो सका। इस दौरान जाम लगने से एक एम्बुलेंस भी फंस गई थी, हालांकि उसे दूसरे रास्ते से रवाना किया गया। बीस मिनट तक मौके पर जाम की स्थिति रही। हालांकि बाद में ट्रैफिक चालू करवा दिया गया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दर्ज मामलों का विरोध, धारीवाल ने सीएम भजनलाल को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर दर्ज मुकदमों के विरोध में अब पूर्व मंत्री और कोटा उत्तर से विधायक शांति धारीवाल ने सरकार को पत्र लिखा है। उन्होंने सीएम को लिखे पत्र में बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। धारीवाल ने लिखा कि 24 जून को कोटा में बिजली, पानी, नीट परीक्षा में हुई धांधली सहित अन्य मुद्दों के खिलाफ कांग्रेस की ओर से आयोजित विरोध प्रदर्शन के बाद कोटा पुलिस की ओर से प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कांग्रेस के विधायकों एवं स्थानीय नेताओं, कार्यकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया। जिसका विरोध किया जा रहा हैं। कोटा पुलिस द्वारा विरोध प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं पर दर्ज किए गए मुकदमों की कार्रवाई की निंदा करते हुए धारीवाल ने कहा कि जैसे ही भाजपा सरकार प्रदेश में आई है जनहित के मुद्दों पर विपक्ष के आंदोलन को पुलिस कुचलने का प्रयास कर रही है। यह लोकतंत्र का अपमान है। लोकतंत्र की स्वस्थ परंपरा है कि सरकार अपना काम करती है और विपक्ष अपनी भूमिका जनता के मुद्दों पर उठाकर आंदोलन के जरिए सरकार को चेताने का प्रयास करता है। लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से जनहित के मुद्दों को जब भी उठाया जाता है पुलिस झूठे मुकदमे दर्ज कर आंदोलन को दबाने का प्रयास करती है। जनता के मुद्दों को पुलिस की लाठी से दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने पत्र के जरिए सीएम से आग्रह किया कि लोकतंत्र में विपक्ष का जो अधिकार है उसको छीनने का जो नाकाम प्रयास किया जा रहा है उस पर तुरंत अंकुश लगाए जाए। पिछली कांग्रेस सरकार के वक्त भी विपक्ष की ओर से कई बार आंदोलन किए गए लेकिन कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका का हमेशा सम्मान किया। धारीवाल ने कहा कोटा में 24 जून को कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के बाद कोटा पुलिस द्वारा दर्ज किए गए झूठे मुकदमे कोटा पुलिस की कार्यप्रणाली को स्पष्ट कर रहे हैं कि कैसे कोटा पुलिस पक्षपात पूर्ण रवैया अपना कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को डराने धम्काने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं पर दर्ज किए गए मुकदमे वापस नहीं लिए गए तो कोटा की धरती पर एक बार फिर जल्द ही बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# स्टूडेंट्स पढ़ाई के साथ अपने शौक भी करें पूरे : जिला कलेक्टर

## कामयाब कोटा अभियान में संगीत प्रतियोगिता, ओपन थिएटर में हुआ फिनाले

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शहर में जिला प्रशासन की ओर से कोचिंग स्टूडेंट्स के उत्साहवर्धन एवं सकारात्मकता के लिए कामयाब कोटा अभियान के तहत कोचिंग संस्थानों में संगीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। पिछले दिनों हुई प्रतियोगिता के तीन श्रेष्ठ प्रतिभागियों का चयन होने के बाद फिनाले सिटी पार्क के ओपन एयर थिएटर में हुआ। इस अवसर पर विभिन्न कोचिंग संस्थानों से करीब 1200 स्टूडेंट्स सिटी पार्क पहुंचे और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी रहे।

कलेक्टर ने भी गाना गाकर स्टूडेंट्स का उत्साह बढ़ाया। कलेक्टर ने कहा कि आप सभी यहां पढ़ने आए हैं और एक लक्ष्य लेकर आए हैं लेकिन जब तक तन और मन स्वस्थ नहीं रहेगा तब तक पढ़ाई अच्छी नहीं होगी। अपना शौक भी बरकरार रखिए। शेड्यूल को मैनेज करें कि कितना समय कब देना है। अनुशासित जीवन ही आपको आपके लक्ष्य के



करीब लेकर जाएगा। उन्होंने कहा कि आपको जो खेल या रचनात्मक गतिविधि पसंद है, वो करने पर आपको ऊर्जा मिलती है। यही ऊर्जा आपका उत्साह बढ़ाते हुए पढ़ने के लिए और अधिक प्रयास करने के लिए प्रेरित करती है। कोऑर्डिनेटर नोडल अधिकारी एवं कृषि विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार सुनीता डागा के अनुसार हर कोचिंग संस्थान में विद्यार्थियों के लिए मनोरंजक प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें गायन, वादन, डांस, ड्राइंग, बैडमिंटन, कैरम, चेस सहित साहित्यिक प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ रहने वाले तीन विद्यार्थियों को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया जा रहा है। इसके तहत ही पहला आयोजन सिटी पार्क स्थित ओपन एयर थिएटर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस तरह की गतिविधियां वर्षभर संचालित करवाई जाएगी, जिससे विद्यार्थियों का हा पहला आयाजन सिटा पाकस्थित आपन एयर थिएटर म कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस तरह की गतिविधियां वर्षभर संचालित करवाई जाएगी, जिससे विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन होता रहे। इसके साथ ही शहर में रह रहे कोचिंग स्टूडेंट्स के मनोरंजन और शहर की पर्यटन विरासत से पहचान करवाने के उद्देश्य से चम्बल रिवर फ्रंट और सिटी पार्क में विजिट भी करवाई जा रही है। पहली विजिट 19 जून को रिवर फ्रंट की करवाई गई थी।

# आदिवासी युवा शक्ति का मदन दिलावर के खिलाफ प्रदर्शन, डीएनए सैंपल देने की मांग



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** आदिवासी युवा शक्ति कोटा के तत्वावधान में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के विवादित बयान के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया गया।

जिला अध्यक्ष पवन मीणा के नेतृत्व में, सैकड़ों युवाओं ने घटोत्कच चौराहे पर इकट्ठा होकर मोटर बाइक से नारेबाजी करते हुए मदन दिलावर के आवास की ओर मार्च किया। पुलिस प्रशासन ने रोकने की कोशिश की, लेकिन पवन मीणा उपमहापौर की समझाइश पर सभी दिलावर के कार्यालय पर ज्ञापन देने के लिए सहमत हुए। आदिवासी युवाओं ने शिक्षा मंत्री के बयान का विरोध करते हुए अपने ब्लड के सैंपल दिए और मांग की कि उनका डीएनए टेस्ट कराया जाए। युवाओं का कहना है कि वे अपने पूर्वजों की अस्मिता और सम्मान की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पवन मीणा ने कहा, हम आदिवासी युवाओं के खून के सैंपल देकर शिक्षा मंत्री को यह संदेश देना चाहते हैं कि हमें हमारी पहचान पर गर्व है और हम इसे साबित करने के लिए तैयार हैं। अगर मंत्री महोदय को हमारी पहचान पर शक है, तो वे डीएनए टेस्ट करवा सकते हैं। मौके पर बुलाए गए मेडिकल टीम ने ब्लड सैंपल लिए, जो शिक्षा मंत्री दिलावर के निजी सचिव को सौंपे गए। इस विरोध प्रदर्शन में पवन मीणा पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष, अशोक मीणा, सोनू मीणा रामपुरिया, अविनाश बैरवा, हरिओम मीणा, राहुल मीणा, सुमित मीणा, दीपक मीणा, अजय, रोहित मेघवाल, ज्ञानी मीणा, सोनू मीणा जुबली अध्यक्ष, मुरली मीणा, रामस्वरूप मीणा, अभिषेक मीणा, हरिशंकर मीणा, दीपक मीणा, सोनू भोरा समेत सैकड़ों छात्र और युवा साथी उपस्थित रहे। उपमहापौर पवन मीणा ने चेतावनी दी कि अगर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया, तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस आंदोलन ने आदिवासी समाज के प्रति शिक्षा मंत्री के विवादित बयान के खिलाफ एकजुटता का परिचय दिया है।

# 'लक्ष्मी हुनर शाला' नि:शुल्क प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** भारत विकास परिषद आगामी 10 जुलाई को अपना 62वा स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। परिषद् के संस्थापक स्वर्गीय डॉ. सूरज प्रकाश की जन्म जयंती से लेकर दस जुलाई तक सेवा पखवाड़े की शुरुआत रानी लक्ष्मीबाई शाखा कोटा द्वारा लक्ष्मी हुनर शाला नि:शुल्क प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ कर श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया । शाखा की मुख्य संरक्षिका सारिका मित्तल ने बताया कि यह प्रशिक्षण केन्द्र शॉपिंग सेंटर में स्थित स्वामी विवेकानंद विधालय में शाम चार से छ: बजे तक चलाया जायेगा। इस केन्द्र में महिलाओं व बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई प्रशिक्षण व मेहंदी का प्रक्षिशण दिया जायेगा।

शाखा संरक्षिका सोनल गोयल ने बताया की प्रशिक्षण के पश्चात् सभी को प्रमाण पत्र दिये जायेंगे और श्रेष्ठ विद्यार्थियों को सिलाई मशीनें उपलब्ध करवायी जायेगी साथ के साथ कुछ महिलाओं को रोज़गार भी उपलब्ध करवाया जायेगा। शाखा अध्यक्ष अमीता मित्तल ने बताया कि मुख्य अतिथि कोटा सिटी ए डी एम कृष्णा शुक्ला ने प्रशिक्षण केन्द्र के पोस्टर विमोचन किया।

विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रधानाध्यापक स्नेहलता शर्मा रही। सचिव स्नेह गुप्ता ने बताया कि इस प्रशिक्षण केन्द्र की प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुनीता काबरा रहेगी। प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षिकाओं को रखा गया है और उनको मासिक वेतन दिया जायेगा। कार्यक्रम संयोजिका साधना अग्रवाल, लता शर्मा रही। कार्यक्रम में रोहिणी शर्मा ,सुषमा गर्ग, शिरोमणि शर्मा, रीता गुप्ता ,सतीश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों से मुख्यमंत्री का संवाद

# कोटा जिले के 2.13 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में 24.89 करोड़ हस्तांतरित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को झुंझुनू से आयोजित राज्य स्तरीय सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को अभिवृद्धित राशि के सीधे हस्तांतरण कार्यक्रम में एक क्लिक से पूरे प्रदेश के 88 लाख लाभार्थियों के खातों में 1 हजार 37 करोड़ की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की। इसमें कोटा जिले के 2 लाख 13 हजार लाभार्थियों को 24 करोड़ 89 लाख रूपये से अधिक की सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई।

समारोह में लाभार्थियों के साथ मुख्यमंत्री ने सीधे संवाद किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 15 प्रतिशत राशि बढ़ाने का फैसला लिया था। पहले यह राशि एक हजार रूपये थी अब बढ़कर 1150 हो गई है। सिआम ऑडिटोरियम में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया, जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, संयुक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सविता कृष्णियां सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम से कोटा के सिआम ऑडिटोरियम से करीब 500 से अधिक लाभार्थी सीधे जुड़े रहे। कोटा जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालय पर 200 एवं ग्राम पंचायत स्तर पर 50-50 लाभार्थी कार्यक्रम से जुड़े।

### लाभार्थी महिलाओं ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद

कार्यक्रम में आई खेड़ली फाटक निवासी विधवा पेंशन योजना की लाभार्थी अंजना मीणा ने विधवा पेंशन की राशि एक हजार रूपये से बढ़ाकर 1150 रूपये करने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। विधवा पेंशन योजना की एक अन्य लाभार्थी इंदिरा गांधी नगर कोटा निवासी शांति बाई भी राज्य सरकार के पेंशन राशि बढ़ाने के फैसले से काफी खुश दिखी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के इस फैसले से महिलाओं को सहारा मिला है। प्रेमनगर कोटा निवासी परित्यक्ता संतोष सुमन ने भी सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि बढ़ाने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

# पांच साल से छोटे बच्चों में डायरिया रोकथाम के लिए दो महीने चलेगा स्टॉप डायरिया कैंपेन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** पांच साल तक की उम्र के छोटे बच्चों में डायरिया की रोकथाम और इससे होने वाली मौतों को रोद्कने के लिए भारत सरकार के निर्देश पर कोटा सहित प्रदेशभर में 1 जुलाई से 31 अगस्त दो महीने स्टॉप डायरिया कैंपेन चलेगा।

इसे लेकर गुरूवार को राज्य स्तर से आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में निदेशक आरसीएच व पीडी शिशु स्वास्थ्य ने विभाग के संभाग, जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, कार्मिकों को दिशा निर्देश दिए। अभियान का संचालन' डायरिया की रोकथाम, सफाई और ओआरएस से रखें अपना ध्यान' स्लोगन को लेकर 6 विभाग स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पीएचईडी, नगरीय विकास एवं आवासन, स्कूल शिक्षा विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त प्रयासों से होगा। सीएमएचओ डॉ. जगदीश सोनी ने बताया कि अभियान के तहत दस्त रोग नियंत्रण गतिविधियों को दो महीने की अवधि में चरण वार तरीके से ओआरएस और जिंक की सह-पैकेजिंग पर ध्यान केन्द्रित करते हुए चलाया जाएगा। इस अवधि में आशा सहयोगिनियां 5 साल से छोटे बच्चों के लिए घर-घर जाकर ओआरएस पैकेट व जिंक की गोलियां नि:शुल्क वितरित करेंगी। ताकि दस्त की समस्या शुरू होते ही बच्चों को ये दवाईयां तुरंत दी जा सके। कार्यक्रम के नोडल जिला अधिकारी व डिप्टी सीएमएचओ (प.क) डॉ गोविन्द सिंघल ने बताया कि इस दौरान साफ-सफाई, स्वच्छता, स्तनपान, समय पर टीकाकरण एवं पोषण के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। चिकित्सा संस्थानों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों व आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भी ओआरएस-जिंक कॉर्नर बनाएं जाएगें।

सीएमएचओ डॉ. सोनी ने बताया कि 5 साल से कम उम्र के बच्चों में दस्त रोग भी मौतों के प्रमुख कारणों में रहा है। इसलिए डायरिया से होने वाली बाल मृत्यु को शुन्य करने के लिए ये अभियान हर वर्ष चलाया जाता है।

उन्होने बताया कि मानसून के बरसाती सीजन में पांच साल से छोटे बच्चों में डायरिया की समस्या अधिक देखी गई है। ऐसे में भारत सरकार से मिले निर्देशों के मुताबिक अभियान 15 दिन के बजाय इस बार दो महीने तक चलाया जा रहा है।

# चीरे हुए डोडा पोस्त के नष्टीकरण की समय सीमा बढ़ाई कृपलानी ने आबकारी आयुक्त से किया था आग्रह

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** राज्य सरकार के आदेश के अनुसार आबकारी आयुक्त ने अफीम काश्तकारों द्वारा अफीम काश्त के पश्चात चीरे हुए डोडा पोस्त नष्टीकरण को 30 जून 2024 से आगे बढ़ाकर 15 अगस्त 2024 तक करने के निर्देश जारी किए हैं।

उल्लेखनीय है कि अफीम काश्तकारों द्वारा चीरे हुए डोडा पोस्त को नष्ट करने की समय सीमा बढ़ाने को लेकर पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने आबकारी आयुक्त से वार्ता कर आग्रह किया था, जिस पर आबकारी आयुक्त ने 15 अगस्त 2024 तक समयावधि बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

# दरगाह पर बारिश के चलते की जा रहे कच्चे पक्के निर्माण को लेकर हिंदू संगठनों ने किया हंगामा खड़ा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र स्थित गुरुनानक पेट्रोल पंप के सामने एक दरगाह पर बारिश के चलते की जा रहे कच्चे पक्के निर्माण को लेकर हिंदू संगठनों ने हंगामा खड़ा कर दिया। पुलिस व नगर विकास न्यास अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं, जिन्होंने मौका मुआयना कर धर्मस्थल के बाहर डाली गई मिट्टी व गिट्टी को हटवा दिया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार को सूचना मिली कि गुरुनानक पेट्रोल पंप के सामने स्थित एक दरगाह पर नव निर्माण किया जा रहा है, जो अवैध है। इस सूचना पर सीओ सिटी अशोक जोशी, प्रताप नगर थाना प्रभारी उदयसिंह चुंडावत व पुर थाना प्रभारी जय सूल्तान और नगर विकास न्यास के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अतिक्रमण निरोधक दस्ते को भी मौके



पर बुलवा लिया गया। वहां हिंदू संगठनों से जुड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने निर्माण को अवेध बताते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। रोक के बावजूद नव निर्माण किया जा रहा है। अंदर जाली के पास दीवार बना दी गई। वहीं बाहर भी निर्माण सामग्री गिट्टी व मिट्टी डाल दी गई। इस निर्माण को रुकवाया जाये और जो नव निर्माण किया गया, उसे हटवाया जाये। इसके चलते दरगाह के बाहर पड़ी गिट्टी व मिट्टी को जेसीबी व डंपर से हटवा दिया गया। उल्लेखनीय है कि भीलवाड़ा में पहले भी इस मुद्दे को लेकर आंदोलन हो चुका है। फिलहाल पुलिस और प्रशासन की समझाइश के बाद मामला शांत हो पाया।

# भारत विकास परिषद कपासन ने 61 पौधे लगाकर वर्ष 2024 में 1100 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** भारत विकास परिषद द्वारा परिषद के संस्थापक की जयंती पर गुरुवार को नगर क्षैत्र में 61 पौधों का रोपण किया गया ।साथ ही परिषद सदस्यों द्वारा इस वर्ष 1100 पौधे लगाने का संकल्प लिया गया। भारत विकास परिषद कपासन प्रवक्ता कैलाश गर्ग ने बताया कि नगर में जाशमा मार्ग स्थित गोवर्धनपूरी मे रामस्नेही संत रामकृपा महाराज के शिष्य संत राम जस एवं संत ओमप्रकाश राम स्नेही के सानिध्य में भारत विकास परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की जयंती अवसर पर स्थानीय परिषद के सदस्यों द्वारा 61 पौधों का रोपण किया गया ।इससे पूर्व भी परिषद द्वारा 500




पौधों का रोपण किया गया था। उल्लेखनीय है कि भारत विकास परिषद कपासन द्वारा वर्ष 2024 में 1100 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।इस अवसर पर भारत विकास परिषद अध्यक्ष कमल कुमार दाधीच, बादशाह सिंह,वैद्य महेंद्रमोहन दाधीच,ओमप्रकाश न्याति,रमेशचंद्र विजयवर्गीय,भगवतीलाल सोमानी, गोपाललाल सुथार,लक्ष्मीलाल सोनी,रोशनलाल विजयवर्गीय,दिलीप बारेगामा,रोशनलाल सेठ, कन्हैयालाल बरेगामा,पवन सिंह रावल आदि स्थानीय भारत विकास परिषद के सदस्यगण उपस्थित रहे।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान


बढ़ता राजस्थान एक्सक्लूसिव

# कैसे रोशनी हो अंधेरे घरों में...

**नियम**
## आवेदन के तीन दिन में मिले घरेलू बिजली कनेक्शन

**हकीकत**
## एक माह में भी कनेक्शन मिल जाए तो गनीमत

**लापरवाही**
## राजस्थान में हजारों आवेदन पेंडिंग, केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय के निर्देशों को धता बता रहे अधीक्षण अभियंता



**राजस्थान में कौन-कौनसी है मेट्रोसिटी**

मेट्रोपालिटन सिटीज के नियमों के मुताबिक जनसंख्या के आधार पर जयपुर, जोधपुर, कोटा और बीकानेर मेट्रोसिटी की गिनती में आते हैं। मेट्रोसिटी में नियमानुसार दस लाख से अधिक आबादी के शहर आते हैं।

रोशनलाल शर्मा, स्वतंत्र पत्रकार

**जयपुर ( बढ़ता राजस्थान )।** राजस्थान में बड़े-बड़े दावों के बाद भी बिजली कनेक्शन के मामले में डिस्कॉम्स लापरवाही दिखा रहे हैं। घरेलू बिजली कनेक्शन जारी करने के मामले में भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने मापदंड तय कर रखे हैं और अक्सर अपने पत्रों के जरिए पूरे देश में डिस्कॉम्स को निर्देशित भी किया जाता है कि घरेलू बिजली कनेक्शन समय पर जारी किए जाएं लेकिन राजस्थान में जयपुर डिस्कॉम, अजमेर और जोधपुर डिस्कॉम के संबंधित अधीक्षण अभियंता ऐसे पत्रों को अपनी फाइल में सजाकर रखने के अलावा और कुछ नहीं करते हैं।

यही कारण है कि वर्तमान में घरेलू बिजली कनेक्शनों की वेटिंग लिस्ट देखें तो एक माह से अधिक समय का आंकड़ा ही हजारों से ऊपर जा रहा है। दरअसल जयपुर डिस्कॉम ने अपने पत्र क्रमांक 261 दिनांक 11 जून 2024 के जरिए तमाम अधीक्षण अभियंताओं को एक आदेश जारी किया जिसमें ऊर्जा मंत्रालय केन्द्र सरकार के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि इलेक्ट्रिसिटी राइट ऑफ कंजूमर्स रूल्स 2020 एंड एमेंडमेंड रूल्स 2024 के तहत ऊर्जा मंत्रालय ने 22 फरवरी 2024 को एक गाइडलाइन जारी की है जिसके अनुसार तीन दिन में मेट्रो सिटीज, सात दिन में निकाय क्षेत्रों और पन्द्रह दिन में ग्रामीण इलाकों में बिजली का घरेलू कनेक्शन जारी होना ही चाहिए।

अगर जयपुर की बात की जाए तो जयपुर मैट्रो सिटी में शामिल है। नियम कहते हैं कि जयपुर जैसी मैट्रो सिटी में आवेदन के तीन दिन में घरेलू बिजली का कनेक्शन दे दिया जाएगा। नियम कहते हैं कि मैट्रोसिटी में आवेदन के तीन दिन, नगर निकाय क्षेत्रों में सात दिन और ग्रामीणों इलाकों में आवेदन के पन्द्रह दिन के अन्दर-अन्दर बिजली कनेक्शन दे दिए जाने चाहिए। लेकिन राजस्थान में कोई भी विद्युत वितरण निगम लिमिटेड इस मामले में गंभीरता नहीं बरत रहा है। यही कारण है कि हजारों की संख्या में लोग अपने घरों में बिजली की रोशनी का सिर्फ इंतजार कर रहे हैं।

हालत राजधानी जयपुर के 74वें संविधान संशोधन के मुताबिक केन्द्र सरकार ने दस लाख की आबादी वाले शहरों को मैट्रोपोलिटन सिटी घोषित किया था। राजधानी जयपुर की 2011 की जनगणना के अनुसार 40 लाख से अधिक की आबादी है। जो एक अनुमान के अनुसार अब 2023 तक कम से साठ से पैंसठ लाख हो चुकी है।

### विद्युत भवन से जारी हुए आदेश, एसई कहते हैं खूब निकलते हैं ऐसे आदेश

विद्युत निगम के सूत्रों का कहना है कि इस संबंध में विद्युत भवन से 11 जून 2024 को पत्र संख्या 261 के तहत दिशा निर्देश दिए गए थे। जब ये आदेश अधीक्षक अभियंताओं तक पहुंचे तो उन अधिकारियों की प्रतिक्रिया बहुत रूखी रही। नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर एक अधिकारिक सूत्र ने बताया कि राजधानी जयपुर के एक अधीक्षण अभियंता ने कहा कि ऐसे आदेश खूब आते रहते हैं, इसे रिकॉर्ड पर ही मत लो। ऐसे अधिकारियों के होते हुए ऊर्जा मंत्रालय कुछ भी कर ले और जयपुर डिस्कॉम मुख्यालय कुछ भी कर ले कनेक्शन का इंतजार कर रहे उपभोक्ताओं तो फिलहाल अंधेरे में ही रहना होगा।

### निकाय क्षेत्र और ग्रामीण इलाकों में हालात और भी बुरे

**जब मैट्रोपोलिटन सिटीज के हालात ये हैं तो सोचा जा सकता है कि नगर निकाय और ग्रामीण इलाकों में क्या हालात होंगे। ग्रामीण इलाकों में तो बिजली का कनेक्शन बहुत मुश्किल से मिल पा रहा है।**

## श्रीलंका में नाविक की मौत के मामले में 10 मछुआरे गिरफ्तार, मुकदमा चलाया जाएगा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार किए गए दस भारतीय मछुआरों पर नौसेना के एक नाविक की मौत का आरोप लगाया जाएगा, जो उनके ट्रॉलर को जब्त करने के अभियान में मारा गया था। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा जारी एक बयान में कहा कि भारतीय ट्रॉलर के आक्रामक युद्धाभ्यास, उसकी जब्ती का विरोध करने के कारण नौसेना के विशेष नाव स्क्वाड्रन के एक वरिष्ठ नाविक को गंभीर चोटें आईं। इसमें कहा गया है, दुर्भाग्य से वरिष्ठ नाविक ने टीचिंग हॉस्पिटल, जाफना में भर्ती होने के बाद दम तोड़ दिया।

नौसेना ने कहा कि सोमवार को 10 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनका ट्रॉलर जब्त कर लिया गया। ट्रॉलर को कांकेसंथुराई बंदरगाह लाया गया और मछुआरों को कानूनी कार्यवाही के लिए मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया गया। कांकेसंथुराई पुलिस ने जाफना में मल्लकम कोर्ट में %बी% रिपोर्ट दायर की थी, जिसमें 10 भारतीय मछुआरों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग की गई थी। बयान में कहा गया है कि उन पर श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने, ऑपरेशन के दौरान एक नौसैनिक की मौत और नौसैनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप है।

जाफना मजिस्ट्रेट ने मृतक नाविक का पोस्टमार्टम किया। नौसेना ने कहा कि जांच से पता चला कि नाविक की मौत एक दुर्घटना थी, जो रीढ़ की हड्डी की क्षति के कारण हुई थी। जाफना के मछुआरे उत्तर-पश्चिमी जिले कुरुनेगला में 40 वर्षीय नाविक के अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

## समाजवादी पार्टी के मन में भारतीय इतिहास एवं संस्कृति के प्रति कोई सम्मान नहीं : योगी आदित्यनाथ

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेंगोल (राजदंड) को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) पर प्रहार करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि सपा के मन में भारतीय इतिहास एवं संस्कृति के प्रति कोई सम्मान नहीं है। योगी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, समाजवादी पार्टी के मन में भारतीय इतिहास और संस्कृति के प्रति कोई सम्मान नहीं है। उनका यह पोस्ट अंग्रेजी में है। उन्होंने कहा, सेंगोल पर उसके शीर्ष नेताओं की टिप्पणियां निंदनीय हैं। यह उनकी अज्ञानता को दर्शाती है।

यह विशेष रूप से तमिल संस्कृति के प्रति इंडी गठबंधन की नफरत को भी दर्शाता है। योगी ने लिखा, सेंगोल भारत का गौरव है। यह सम्मान की बात है कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे संसद में सर्वोच्च सम्मान दिया। समाजवादी पार्टी के सांसद आर के चौधरी ने विगत दिनों प्रोटेम स्पीकर को पत्र लिखकर सेंगोल को राजशाही का प्रतीक बताते हुए उसे संसद भवन से हटाने की मांग की थी।

## अचानक हुई देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात, शायराना अंदाज में बोले उद्धव ठाकरे, ना-ना करते प्यार तुम्हीं से कर बैठे

बढ़ता राजस्थान


**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन, प्रतिद्वंद्वी उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने खुद को लिफ्ट के इंतजार में एक साथ पाया। एक वीडियो, जो अब वायरल हो गया है, दोनों राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को कुछ शब्दों का आदान-प्रदान करते हुए दिखाया गया है। हालाँकि यह पता नहीं चल पाया कि उन्होंने किस बारे में बात की, लेकिन शारीरिक भाषा से पता चला कि यह एक छोटी सी बातचीत से कहीं अधिक थी। दोनों नेता अप्रत्याशित रूप से राज्य विधानमंडल के परिसर में मिले, जब वे दूसरी मंजिल पर विधान परिषद कक्ष में प्रवेश करने की प्रतीक्षा कर रहे थे। वीडियो ने दोनों पार्टियों के दोबारा गठबंधन की अटकलें तेज कर दीं, हालांकि, उद्धव ठाकरे ने अफवाहों को खारिज करते हुए कहा कि यह अनौपचारिक बातचीत थी। जब ठाकरे से देवेंद्र फड़नवीस के साथ बातचीत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने मजाक में कहा, यहां से हम अपनी सभी गुप्त बैठकें लिफ्ट में करेंगे। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने कहा ने कहा कि जब मैं और देवेन्द्र जी लिफ्ट में थे तो लोगों को गाना याद आया होगा, ना ना करते प्यार तुम्हीं से कर बैठे। उन्होंने दावा किया कि ऐसा कुछ भी नहीं है।

यह एक अप्रत्याशित मुलाकात थी।

## जयपुर में सुबह मानसून आया, डेढ़ घण्टे छाया

- जोधपुर में तेज बारिश, बाइक और युवक बहे
- प्रदेश के 12 जिलों में पहुंचा मानसूनी बारिश

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर में गुरुवार सुबह मानसून की पहली बारिश हो गई। मानसून अलसुबह ही जयपुर में प्रवेश कर गया। करीब डेढ़ घण्टे रिमझिम बारिश के बाद शहर में कई सड़कों पर पानी भर गया। राजसमंद में भी सुबह करीब साढ़े पांच बजे बारिश हुई। प्रदेश के कई अन्य जिलों में बादल छाए हुए हैं। अलवर, पाली, जोधपुर, उदयपुर, बाड़मेर, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा चूरू और डूंगरपुर में भी तेज बरसात हुई है।

जोधपुर में शाम करीब 4 बजे बाद मौसम बदला और तेज बारिश हुई। इस दौरान कटला बाजार में तेज रफ्तार से पानी बहने लगा। पानी का बहाव इतना तेज था कि एक युवक की साइकिल बहने लगी। राजस्थान में अब तक जयपुर, अजमेर, धौलपुर, भरतपुर, टोंक, सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा, राजसमंद, सिरोही, जालोर, पाली और करौली में मानसून सक्रिय हो चुका है।

### तापमान नीचे आया

पिछले 2 दिन से हो रही अच्छी बारिश से प्रदेश के विभिन्न जिलों में 3 डिग्री तक तापमान गिर गया है।

बुधवार रात पाली, भरतपुर, अलवर में 2 इंच से ज्यादा बारिश दर्ज हुई। तेज बारिश से कई जगहों पर झरना बहता दिखा। मौसम के इस बदलाव से जैसलमेर, जालोर, बाड़मेर में अधिकतम तापमान 3 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। अलवर में सुबह से घने बादल छाए हुए हैं। पिछले 24 घंटे में बारिश के कारण 4 लोगों की मौत हो चुकी है।

### उदयपुर के झाड़ोल में तेज बरसात

उदयपुर के झाड़ोल कस्बे में करीब 30 मिनट से तेज बारिश का दौर चल रहा है। यहां दोपहर करीब 3 बजे बाद बारिश शुरू हुई थी। झाड़ोल समेत आस-पास के कस्बों में भी बरसात से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

### डूंगरपुर में बारिश से सड़कों पर भरा पानी

डूंगरपुर शहर में सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर 12 बजे बाद तेज हवा के साथ हल्की रिमझिम बारिश हुई। कुछ देर बाद बारिश का दौर थम गया और धूप भी निकल आई। दोपहर करीब 1 बजे घने काले बादल छाए और बारिश शुरू हो गई। बादलों की वजह से दिन में अंधेरा छा गया। बारिश से कई जगह सड़क पर पानी भर गया।

### सलूंबर के सेमारी में 24 घंटे में डेढ़ इंच बरसात

सलूंबर जिले के सेमारी में दोपहर करीब 1.45 बजे बारिश हुई। करीब आधे घंटे तक हुई तेज बरसात से सड़कों पर पानी भर गया। सेमारी में पिछले चौबीस घंटे में करीब डेढ़ इंच बारिश हो चुकी है।

## 6 राज्यों तक पहुंची नीट पेपर लीक मामले की जांच

### झारखंड स्कूल प्रिंसिपल हिरासत में; दिल्ली में संसद का घेराव करने पहुंची यूथ कांग्रेस पर लाठीचार्ज



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में संसद का घेराव करने पहुंची इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज कर दिया है। प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं को पुलिस बैरिकेडिंग लगा कर रोकने की कोशिश की। प्रदर्शन कर रहे युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवासन ने कहा है, कि मोदी ने कहा था देश को लुटने नहीं दूंगा और पूरे देश में लूटने का काम हो रहा है। देश में नीट एग्जाम कब होगा और न्याय कब मिलेगा।

वहीं, नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई बिहार, झारखंड और गुजरात समेत 6 राज्यों में जांच कर रही है। झारखंड के हजारीबाग से नीट पेपर लीक का कनेक्शन सामने आया है। वहीं, सीबीआई ने गुजरात के गोधरा में भी जांच शुरू कर दी है।

सीबीआई को शक है कि अब तक पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, वे महज कॉन्ट्रैक्टर हैं जबकि पेपर लीक का मास्टरमाइंड कोई और है। सीबीआई के मुताबिक अब तक हुई गिरफ्तारियों का आपस में कनेक्शन हो सकता है। गुरुवार, 27 जून को नीट विवाद पर, डीएमके सांसद कनिमोझी ने कहा, तमिलनाडु लगातार कह रहा है कि हमें नीट नहीं चाहिए।

## अमरनाथ तीर्थयात्रियों का पहला जत्था आज कश्मीर पहुंचेगा

### बालटाल-अनंतनाग बेस कैंप में रुकेंगे यात्री; 29 जून को बाबा बर्फानी के दर्शन करेंगे



बढ़ता राजस्थान

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है। तीर्थयात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार को कश्मीर पहुंचेगा। यहां से वे उत्तर कश्मीर बालटाल और दक्षिण कश्मीर अनंतनाग बेस कैंप जाएंगे। शुक्रवार को सुरक्षा काफिले के साथ सभी तीर्थयात्री घाटी के लिए रवाना होंगे और शनिवार (29 जून) को अमरनाथ के दर्शन करेंगे। अमरनाथ यात्रा के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की शुरुआत बुधवार से हो गई है। जम्मू के एसडीएम ने बताया कि सरस्वती धाम सेंटर से ऑफलाइन टोकन दिया जा रहा है। यात्रा की शुरुआत से पहले ही साधु-संत जम्मू पहुंचने लगे हैं।

### इन जगहों पर लगे 10 हाई एंड सीसीटीवी कैमरे

एसएसपी ट्रैफिक नेशनल हाईवे रोहित बसकोत्रा के मुताबिक ट्रैफिक पर निगरानी के लिए उधमपुर से बनिहाल तक 10 हाई-एंड कैमरे लगाए हैं। इनमें उधमपुर के जाखनी क्षेत्र, दलवास, खोनी नाला, मेहर, बैटरी चश्मा, नचलाना, बनिहाल चौक, सुरंग-5, शालीगढ़ी और कटपॉइंट जैसे स्पॉट शामिल हैं। यातायात पुलिस ने अमरनाथ यात्रा के दौरान नेशनल हाईवे पर आने-जाने वाले वाहन चालकों के लिए एक सलाह भी जारी की है, जिसमें लेन ड्राइविंग पर जोर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि नियमों का उल्लंघन करने पर बड़ा जुर्माना लगाया जाएगा।

### 38 स्पेशली ट्रेंड रेस्क्यू टीमों की तैनाती, मेडिकल सर्विस में बढ़ोतरी

जम्मू में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ के चलते यात्रा रूट्स पर सुरक्षा कड़ी सुरक्षा की गई है। तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए दोनों रूट के हाई सिक्योरिटी पॉइंट्स पर पुलिस की 13, एसडीआरएफ की 11, एनडीआरएफ की आठ, बीएसएफ की चार और सीआरपीएफ की दो टीमों की तैनाती है। वहीं, श्राइन बोर्ड ने पहली बार मेडिकल व्यवस्थाएं बढ़ाई हैं। बालटाल और चंदनबाड़ी में 100-100 ब्ढ्ष्ट बेड, एडवांस उपकरण, एक्स-रे, अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन, क्रिटिकल केयर एक्सपर्ट, कार्डियक मॉनिटर, लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट से लैस दो कैंप अस्पताल तैयार किए हैं। यहां हवा में ऑक्सीजन कम रहती है, इसलिए यात्रा मार्ग पर 100 स्थाई ऑक्सीजन बूथ और मोबाइल ऑक्सीजन बूथ रहेंगे। पवित्र गुफा, शेषनाग और पंचतरणी में तीन छोटे अस्पताल होंगे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय फोन नं.01432-244881,निवाई 01438-222201,202,203, प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. )
फोन नं.0141-2796794,2796795,E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )